18 जनवरी 2025
शनिवार

डिजिटल संस्करण
केशव टाइम्स

आपकी आवाज


मुख्यमंत्री नीतीश बोले... पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा कांवर झील
2



# पीएम मोदी ने बांटे 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड, बोले- योजना से सशक्त होगा ग्रामीण भारत

♦ बोले पीएम- जमीनों के दस्तावेज बनने के बाद देश में 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुल जाएगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे। वर्चुअल कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, आज का दिन गांवों और अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक है। पांच साल पहले शुरू हुई यह योजना ग्रामीणों को उनके घर और जमीन का कानूनी प्रमाण देने के लिए बनाई गई थी। यह कदम ग्रामीण विकास के साथ-साथ संपत्ति पर अधिकार को मजबूत करने के लिए उठाया गया। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के इस पहल से 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा।

पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के अध्ययन का हवाला देते हुए कहा, 'दुनिया के कई देशों में गरीबी दूर करने के लिए प्रॉपर्टी राइट्स को अहम बताया गया है। हमने इस दिशा में सवा 2 करोड़ दस्तावेज बांटकर बड़ा कदम उठाया है। पहले ग्रामीणों के पास उनकी संपत्ति के पक्के दस्तावेज नहीं थे। इसकी पजह से लाखों-करोड़ों की संपत्ति रहने के बाद भी उसकी कीमत नहीं थी। इसकी वजह से घरों के मालिकाना हक को लेकर विवाद होते थे। कई बार दबंग मकानों पर कब्जा कर लिया करते थे। बैंक से भी लोन नहीं मिल पाता था।

## गांव के घर-जमीनों की की हो रही ड्रोन मैपिंग

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में जब हमारी सरकार आई तो हमने इस मुद्दे से निपटने का ठाना। कोई भी सरकार गांव में रहने वाले अपने लोगों को ऐसी परेशानी में नहीं छोड़ सकती थी। ऐसे में हमने यह योजना शुरू की। तय किया कि गांव के घर-जमीनों की ड्रोन मैपिंग शुरू की जाएगी और सभी को संपत्ति के दस्तावेज दिए जाएंगे। स्वामित्व योजना के तहत देश के 6 लाख से ज्यादा गांवों में ड्रोन के जरिए जमीन और घरों की मैपिंग की जा रही है। अब तक आधे से ज्यादा गांवों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस योजना ने ग्रामीणों को न केवल कानूनी सुरक्षा दी है बल्कि उन्हें अपनी संपत्ति के जरिए लोन लेकर छोटे-बड़े व्यापार शुरू करने का मौका भी दिया है।

## देश में जारी किए गए करीब 23 करोड़ भू-आधार नंबर

पीएम मोदी ने कहा कि जमीनों के दस्तावेज बनने के बाद देश में 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुल जाएगा। प्रॉपर्टी कार्ड के जरिए जमीनों को एक खास पहचान दी गई है। देश में करीब 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। इसकी मदद से आसानी से यह पता किया जा सकता है कि कौन सा प्लॉट किस व्यक्ति का है। हर प्लॉट की पहचान करना आसान हो गया है। बीते 8 साल में करीब 98 प्रतिशत लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण भी पूरा हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सीमांत गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। वाइब्रेंट योजना के तहत 2 लाख से ज्यादा पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा गया है। 5 लाख से ज्यादा नए कॉमन सर्विस सेंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा, किसानों को सस्ती खाद उपलब्ध कराने के लिए 12 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई है। स्वामित्व योजना के तहत अब तक 3 लाख से अधिक गांवों में सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

### लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पटना पहुंचे, लगाए आरोप

# संघ और भाजपा ने संविधान को कमजोर किया

♦ राहुल गांधी ने बिहार में नीतीश सरकार द्वारा कराए गए जाति सर्वेक्षण को अपर्याप्त बताया

♦ बोले- इंडिया गठबंधन को साथ मिलकर विधानसभा चुनाव में बीजेपी-आरएसएस को हराना है

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा और संघ परिवार पर हमला बोला और उन पर संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों को उनके अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा आसएसएस प्रमुख मोहन भागवत कह रहे हैं कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, तो वे भारत के संविधान को खारिज कर रहे हैं। आरएसएस प्रमुख भारत की हर संस्था से डॉ. बीआर अंबेडकर, भगवान बुद्ध, महात्मा गांधी की विचारधारा को मिटा रहे हैं। राहुल ने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव बिहार में है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को एक साथ मिलकर बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आरएसएस को हराना है।



## भारतीय संविधान ऐतिहासिक संघर्ष से बनाया हुआ दस्तावेज है

पटना में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में कांग्रेस नेता ने संघ और भाजपा पर संविधान की बुनियाद को कमजोर करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में सामाजिक न्याय, जाति जनगणना की आवश्यकता तथा दलितों और अल्पसंख्यकों के हाशिए पर होने जैसे मुद्दे उठाए। राहुल ने कहा कि यह राजनीतिक लड़ाई उन लोगों के बीच है जो संविधान बचाना चाहते हैं और जो नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि भारतीय संविधान ऐतिहासिक संघर्ष और सामूहिक बुद्धिमत्ता से बनाया हुआ एक जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक किताब नहीं है, यह 1,000 वर्षों का विचार है। गांधी ने प्रणालीगत अन्याय, विशेषकर दलितों, आदिवासी समुदायों और हाशिए पर पड़े समूहों के विरुद्ध अन्याय को दूर करने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दलितों, हाशिए पर पड़े लोगों और अनुसूचित जनजातियों के साथ जो अन्याय हुआ, वह भी किताब में है। इस संविधान ने कुछ हद तक दर्द कम किया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस संविधान को कमजोर कर रहे हैं और हाशिए पर पड़े समुदायों की उपेक्षा कर रहे हैं। गांधी ने एक बार फिर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की उस कथित टिप्पणी पर सीधा निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत को सच्ची आजादी उस दिन मिली जिस दिन अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ।

## सबसे पहला कदम ये होना चाहिए कि जातीय जनगणना हो

कांग्रेस नेता ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण के बाद भारत की असली आजादी के बारे में उनकी टिप्पणी संविधान के खिलाफ है। गांधीजी के संबोधन के मूल में राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना की लगातार मांग थी। उन्होंने तर्क दिया कि इसके बिना, विकास प्रयासों में बहुसंख्यक भारतीयों की अनदेखी होती रहेगी। उन्होंने कहा कि दलित, अल्पसंख्यक और सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े लोग इस देश की 90 प्रतिशत आबादी हैं, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं। यही कारण है कि हम जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने बिहार में नीतीश कुमार सरकार द्वारा कराए गए जाति सर्वेक्षण को अपर्याप्त बताया। उन्होंने दावा किया कि बिहार सरकार ने जो काम किया है, वह सिर्फ. लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए किया गया है। उन्होंने मौजूदा आरक्षण ढांचे की भी आलोचना की और 50 प्रतिशत की सीमा को ह्यपर्याप्त नहीं बताया। गांधी ने घोषणा करते हुए कहा कि हम बहुसंख्यक लोगों के लाभ के लिए सीमा बढ़ाएंगे तथा वचन दिया कि कांग्रेस नौकरशाही और अन्य क्षेत्रों में निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए संरचनात्मक सुधारों पर जोर देगी। राहुल गांधी ने कहा कि जब वह इस कार्यक्रम के लिए आ रहे थे तो उन्होंने गंगा नदी की ओर देखा और कहा कि इसका पानी हर जगह पर है। जैसे गंगा का पानी सब जगह जाता है, वैसे ही संविधान की सोच हर व्यक्ति और संस्था के अंदर गंगा के पानी की तरह जाए। गांधी ने कहा कि आज के हिंदुस्तान में एक सांसद के पास पावर नहीं है। मैं मिलता हूं बीजेपी के दलित सांसद से, वह कहते हैं कि हमें पिंजरे में बांध कर यहां कैद कर रखा है।

राहुल गांधी ने कहा है कि सबसे पहला कदम ये होना चाहिए कि जातीय जनगणना हो। फेक वाली जनगणना नहीं। जातीय जनगणना के आधार पर पॉलिसी बननी चाहिए। मजदूरों को कंपनसेशन नहीं मिलता। जातीय जनगणना से पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी है और कितनी भागीदारी है। बिना जातीय जनगणना विकास की बात नहीं की जा सकती है। चाहे कुछ भी हो जाये कांग्रेस पार्टी इसी लोकसभा में जातीय जनगणना कराएगी। लड़ाई संविधान और मनुवाद के बीच में है। जितना नुकसान हो मुझे फर्क नहीं पड़ता मैं ये काम जरूर करूंगा। इस बीच, भाजपा नेताओं द्वारा प्रसारित एक वीडियो में उन पर राष्ट्रगान बजने के दौरान सावधान की मुद्रा में खड़े नहीं होने का आरोप लगाया गया।

**राहुल गांधी से जुड़ी खबर पेज-2 पर भी...**

# डॉक्टर रेप केस के आरोपी संजय रॉय को अदालत ने दोषी ठहराया

## आरोपी ने कहा... मुझे झूठे आरोप में फंसाया गया है

♦ अदालत ने कहा- दोषी को सोमवार को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा, इसी दिन सजा का ऐलान किया जाएगा

**एजेंसी/कोलकाता**

कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर रेप केस मामले में अदालत ने आरोपी संजय रॉय को दोषी ठहराया है। सियालदह सेशन कोर्ट ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि तुम्हे सजा मिलनी ही चाहिए। हालांकि, संजय रॉय ने अदालत में खुद को निर्दोष बताया है। उसने कहा कि हमे झूठे आरोप में फंसाया गया है। रॉय ने यह भी आरोप लगाया कि असली दोषियों को छोड़ दिया गया है और एक आईपीएस अधिकारी इस मामले में शामिल है। अदालत में दोषी ठहराए जाने के बाद संजय रॉय ने कहा कि मुझे झूठे आरोप में फंसाया गया है। मैंने यह अपराध नहीं किया है। असली दोषियों को छोड़ा जा रहा है। अदालत ने कहा कि दोषी को सोमवार को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। इसी दिन सजा का ऐलान किया जाएगा। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (रेप) और धारा 66 व 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी पाया गया। धारा 103 (1) के तहत अधिकतम मौत की सजा या आजीवन कारावास हो सकती है।

**क्या है पूरा मामला:** यह घटना 9 अगस्त को घटी थी, जब 28 वर्षीय महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में मिला। अगले ही दिन इस मामले में पुलिस ने सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया। हालांकि, पीड़िता के परिवार और जूनियर डॉक्टरों का मानना है कि इस मामले में गहरी साजिश है और अन्य लोग भी इसमें शामिल हो सकते हैं। वहीं पीड़िता के माता-पिता ने अदालत के फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायपालिका ने उनके विश्वास का मान रखा है। बता दें कि ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुए थे। साथ ही पूरे देश के डॉक्टर कई दिनों तक हड़ताल किया था।

# आप सरकार का ऐलान... दिल्ली में किराएदारों को देंगे फ्री बिजली-पानी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आप सरकार दिल्ली में किराएदारों को फ्री बिजली और पानी देगी। केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हम ऐसी योजना लेकर आएंगे जिससे किराएदारों को भी फ्री बिजली और पानी का फायदा मिल सके।

उधर, आप ने दिल्ली पुलिस पर कथित तौर पर अरविंद केजरीवाल से जुड़ी एक डॉक्यूमेंट्री चलाने पर रोक लगाने का दावा किया है। आप का कहना है कि भाजपा के कहने पर दिल्ली पुलिस ने डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल की स्क्रीनिंग पर रोक लगाई है। यह डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल आप नेताओं के जेल जाने को लेकर बनी है। आज 11:30 बजे प्यारे लाल भवन (आईटीओ) में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग होनी थी।

**भाजपा पर बरसे केजरीवाल:** वहीं, अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, 'आज भाजपा की साजिशों और षड्यंत्रों का पदार्फाश करने वाली फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी। इसमें आप के नेताओं को फर्जी तरीके से जेल भेजने की भाजपा की साजिशों को दिखाया गया। यह स्क्रीनिंग प्राइवेट थी। इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं था, लेकिन भाजपा ने दिल्ली पुलिस को भेजकर स्क्रीनिंग रुकवा दी।

# सैफ अली खान पर हमले का एक और संदिग्ध दुर्ग जिले से पकड़ाया

**एजेंसी/मुंबई**

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमला मामले पर लगातार मुंबई पुलिस जांच में जुटी है। इस घटना में जांच के लिए पुलिस की 35 टीम बनाई गई है। इस बीच एक्टर पर हमलावर का एक और संदिग्ध को छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से पकड़ा गया है। दरअसल, यह संदिग्ध आरोपी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में मुंबई से सफर कर रहा था और दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने उसे पकड़ लिया है। हालांकि, संदिग्ध का नाम आकाश बताया जा रहा है और आरोपी की पहचान मुंबई पुलिस के भेजे गए फोटो के आधार पर की गई है।

आपको बता दें, जुहू पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी कि सैफ अली खान पर हमले मामले का एक संदिग्ध ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा है। इसके बाद मुंबई पुलिस ने संदिग्ध की फोटो भेजी। उस वक्त ट्रेन गोंदिया और राजनांदगांव स्टेशन के बीच में थी, लेकिन संदिग्ध को राजनांदगांव स्टेशन पर नहीं पकड़ा जा सका। फिर दुर्ग स्टेशन पर दो टीमों का गठन किया गया और ट्रेन के दुर्ग पहुंचने पर सामने के जनरल डिब्बा में संदिग्ध को निरीक्षक एसके सिन्हा, सिपाही श्रीराम मीणा और महिला सिपाही निर्मला ने उसे पकड़ा। वहीं संदिग्ध व्यक्ति की फोटो मुंबई पुलिस को भेजी गई। जिसके बाद उसकी पुष्टि की गई कि वह वही व्यक्ति है। इसके बाद संदिग्ध को आरपीएफ पोस्ट दुर्ग लाया गया।

### महाकुम्भ के आयोजन से उप्र की जीडीपी में एक फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान

# आर्थिक पुनरोत्थान की भी नींव रखेगा महाकुंभ

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

तीर्थराज प्रयागराज में हो रहा महाकुम्भ 2025 न सिर्फ सांस्कृतिक और सामाजिक बल्कि आर्थिक पुनरोत्थान की दिशा में भी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाल ही में इसकी ओर संकेत किया था, जब उन्होंने कहा था कि महाकुम्भ से दो लाख करोड़ का व्यापार होगा। देश और प्रयागराज के अर्थ से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो 45 दिन तक चलने वाले इस महाआयोजन से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है। यही नहीं, जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा। दुनिया भर से आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे खर्च से मांग बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार में वृद्धि होगी और छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों की जेब में पैसा आएगा। यही नहीं, सरकार को भी इस आयोजन से बड़े पैमाने पर आय होगी, जिसका उपयोग प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा।



देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, इस बार के महाकुम्भ के आंकड़े जो सरकार बता रही है उसके होने भर से ही नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी के आंकड़ों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। बतौर उत्तर प्रदेश सरकार देश विदेश से करीब 45 करोड़ लोग इस महाकुम्भ में आएंगे। वो काशी, अयोध्या, चित्रकूट समेत देश के कई हिस्सों में जाएंगे। यदि उनके घर से कुम्भ में आने से लेकर घर वापस आने तक का प्रति व्यक्ति औसत खर्च जोड़ लेंगे तो औसत करीब 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति हो सकता है। ऐसे में यदि 45 करोड़ में इस दस हजार प्रति व्यक्ति खर्च का गुणा करेंगे तो यह करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपए होता है। इसे हम दस फीसदी अनुमान रिस्क के नाम पर थोड़ा कम चार लाख करोड़ ही मान लेते हैं तो भी यह अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कमाल का आंकड़ा है। कुम्भ का अर्थशास्त्र तिमाही के आंकड़ों को तो मजबूत करेगा ही, साथ ही देश के वार्षिक राष्ट्रीय जीडीपी को भी मजबूत करेगा और अर्थव्यवस्था को भी।

पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, सरकार का इस महाकुम्भ में हुए निवेश से कई गुना रिटर्न आ जाएगा। डबल इंजन की सरकार महाकुम्भ के आयोजन पर मिलकर करीब सोलह हजार करोड़ रुपए का खर्च कर रही है। अगर इसी को आधार मान लें तो सरकार की ही आय कई गुना हो जाएगी। मसलन अगर चार लाख करोड़ पर औसत जीएसटी का संग्रह निकालें तो यह करीब 50 हजार करोड़ के आसपास होगा।




## सीएम नीतीश ने बेगूसराय में 563 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया, बोले...

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा कांवर झील

- प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुप्ता-लखमिनिया बांध चौड़ीकरण कार्य का लिया जायजा
- 18 करोड़ रु से बने नव-निर्मित सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया उद्घाटन



**केटी न्यूज/बेगूसराय**

प्रगति यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को बेगूसराय पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 563 करोड़ से अधिक रुपये के 641 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इनमें 181 करोड़ रुपये की 214 योजनाओं का उद्घाटन एवं 381 करोड़ रुपये की 427 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मटिहानी प्रखंड स्थित मनिअप्पा ग्राम पंचायत में एक करोड़ 35 लाख 39 हजार 600 रुपये की लागत से बने नव-निर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन किया। वहीं मनरेगा द्वारा 9,69,000 की लागत से बने नव-निर्मित खेल परिसर का भी उद्घाटन किया। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुप्ता-लखमिनिया बांध चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। इसके बाद हेलीकॉप्टर से उन्होंने कावर झील का मुआयना करते हुए मंझौल शताब्दी मैदान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 75 बेड वाले अनुमंडलीय अस्पताल का उद्घाटन किया। इसके बाद सड़क मार्ग से सीएम बेगूसराय सदर प्रखंड पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री 18 करोड़ 41 लाख रुपये से बने नव-निर्मित सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय भवन में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि सिमरिया से लखमिनिया बांध चौड़ीकरण किया जाएगा। इससे आसपास की आबादी को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांवर झील का समेकित विकास किया जायेगा। जिसमे झील को जोड़ने वाले सभी नालों की उड़ाही की जाएगी। इसके जल प्रवाह को बहाल किया जायेगा। कांवर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। सीएम ने कहा कि जिले के शाम्हो में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी. इससे शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। सीएम ने कहा कि मिथिला हाट के तर्ज पर सिमरिया घाट एवं कल्पवास मेला क्षेत्र के द्वितीय चरण का विकास किया जायेगा। इसे यहां के लोगों को सुविधा होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. इस दौरान सीएम ने कहा कि तेघड़ा-मुबारकपुर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जायेगा। बेगूसराय जिले में बखरी से बहादुरपुर (खगड़िया) बॉर्डर तक नए बायपास का निर्माण किया जायेगा। इससे जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

### बोले- पहले कोई लड़की कपड़ा पहनती थी जी...

बेगूसराय में जीविका दीदियों के साथ बातचीत करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि पहले कोई लड़की कपड़ा पहनती थी जी.. अब कितना बढ़िया हो गया.. सब कितना अच्छा कपड़ा पहन रहीं हैं... और बोलती कितना बढ़िया हैं.. पहले नहीं बोल पाती थी.. बहुत अच्छा है... जहां भी जाते हैं जीविका दीदी का दर्शन करते हैं। इससे पहले सारण में भी नीतीश कुमार ने जीविका दीदियों से बातचीत के दौरान कहा था कि हम सभी को माता ने ही पैदा किया है। इस टिप्पणी पर भी उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री विजय कुमार चौधरी असहज दिखे थे और वहां से जल्दी निकलने की कोशिश करते दिखाई दिए थे। सम्राट चौधरी ने तो यहां तक कह दिया था कि चलिए न सर हो गया।

## मधेपुरा में नर्स से तीन लाख रु. से भरा झोला छीनकर भागे उचक्के

**केटी न्यूज/पटना**

मधेपुरा में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए अपराधियों ने दिनदहाड़े सदर थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर छिनैती की वारदात को अंजाम दिया। शनिवार को बाइक सवार बदमाशों ने सदर अस्पताल के गेट पर एक नर्स से तीन लाख रुपये से भरा झोला छीन लिया।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित नर्स अंजना कुमारी मधेपुरा सदर अस्पताल में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह अपने पति के साथ एसबीआई मेन ब्रांच से तीन लाख रुपये निकालकर लौट रही थीं। दोपहर लगभग 1:50 बजे सदर अस्पताल के उत्तरी गेट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से आकर उनका झोला छीन लिया और फरार हो गए। झोले में नकदी के साथ उनकी चेकबुक और पासबुक भी थी। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 जनवरी को प्रस्तावित दौरे को लेकर मधेपुरा में पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है। इसके बावजूद सदर थाना से महज कुछ ही दूरी पर अपराधियों द्वारा इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने से पुलिस की कार्यशैली और सुरक्षा प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सदर थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस प्रशासन के बढ़ते दावों और सुरक्षा इंतजाम के बावजूद शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मुख्यमंत्री के दौरे से पहले हुई इस वारदात ने शहर की सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिया है। वहीं, दिनदहाड़े हुई इस घटना से जनता में आक्रोश है।

# बीपीएससी छात्रों से मिले राहुल गांधी, बोले- डबल इंजन की सरकार ने मेहनती छात्रों के सपनों को कुचल दिया

**केटी न्यूज/पटना**



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को बिहार के पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पर प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी छात्रों से मुलाकात की। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग कर रही है और दावा किया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने गरीब मेहनती छात्रों के सपनों को कुचल दिया है। राहुल ने लिखा कि पटना में गर्दनीबागधरनास्थल जाकर आंदोलन कर रहे छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि किस तरह इढरउ अन्याय कर रही है और बिहार सरकार लाठी डंडे की चोट दे रही है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मोदी जी कहते हैं कि बिहार में डबल इंजन वाली सरकार है। लेकिन फेल हो चुके इस इंजन से गरीब मेहनती छात्रों के सपनों को कुचला जा रहा है - युवा शक्ति के साथ अन्याय हो रहा है। सरकारी नौकरी की कोई भी भर्ती इनसे बिना पेपर लीक या धांधली के पूरी नहीं होती। उन्होंने कहा कि छात्रों ने बताया कि इढरउ की परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन नहीं होना चाहिए - इस दागदार परीक्षा को रद्द करके ईमानदारी से एग्जाम करवाना चाहिए। इसके साथ ही राहुल ने लिखा कि मैं मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वह प्रदर्शन कर रहे इन छात्रों के खिलाफ लाठी चार्ज करवाने और असंवेदनशीलता दिखाने की बजाए इनसे मिलकर इनकी मांगों को सुनें और गंभीरता से विचार करें। क्योंकि जब इतनी बड़ी परीक्षा में पेपर लीक होता है या किसी भी तरह की धांधली होती है तब दूर गावों से आकर, शहरों के छोटे-छोटे कमरों में तपस्या कर रहे लाखों गरीब छात्रों का सपना टूटता है और उनके साथ अन्याय होता है। आज के एकलव्य का अंगूठा काटकर, उन पर अन्याय नहीं किया जा सकता।

**राबड़ी आवास पहुंचे राहुल, लालू-तेजस्वी से मिले:** राहुल गांधी पटना में राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद यादव से मिले। लालू यादव ने उन्हें चूड़ा और हरा चना खिलाया और अपने घर के गोशाला-मंदिर भी दिखाए। तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी को नीतीश कुमार से जुड़ा एक वीडियो भी दिखाया। चुनाव पर भी बातचीत हुई। ये मुलाकात लगभग 20 मिनट चली। इसके बाद राहुल गांधी एयरपोर्ट के लिए निकल गए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने बिहार दौरे के दौरान राबड़ी आवास पहुंचे। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने उनका स्वागत चूड़ा और हरे चने से स्वागत किया। लालू जी ने राहुल गांधी को अपने आवास परिसर में स्थित गोशाला और मंदिर भी दिखाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राहुल गांधी को नीतीश कुमार से जुड़ा एक वीडियो दिखाते रहे। इस मुलाकात में आगामी चुनावों पर भी चर्चा हुई। राबड़ी आवास पर इस मुलाकात के दौरान लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मीसा भारती समेत राजद के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राहुल गांधी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा और विधायक दल के नेता शकील अहमद खान भी एक ही गाड़ी से राबड़ी आवास पहुंचे थे। यह मुलाकात लगभग 20 मिनट तक चली। इसके बाद राहुल गांधी एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

# राहुल गांधी खुद संविधान के लिए खतरा बन गए हैं: सम्राट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में 2025 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए विपक्ष अभी से ही जोड़तोड़ करना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी पटना पहुंचे। उन्होंने बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया। राहुल गांधी के संविधान सुरक्षा सम्मेलन पर तंज कसते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गाँधी को बिहार की जातीय जनगणना पर टिप्पणी करने से पहले बताना चाहिए कि कर्नाटक सरकार ने 2016 में 160 करोड़ रुपये खर्च कर जो जातीय जनगणना करायी, वह 8 साल बाद भी जारी क्यों नहीं हुई? सम्राट चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस कब जातीय जनगणना करायेगी? उन्होंने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाले राहुल गांधी खुद संविधान के लिए खतरा बन गए हैं। उन्हें बिहार की जातीय जनगणना ही नहीं, देश का चुनाव आयोग, ईवीएम, संसद और विधान सभाओं के फैसले तक फर्जी लगते हैं। सम्राट चौधरी ने राहुल गाँधी को चुनौती देते हुए कहा कि कर्नाटक की जातीय जनगणना यदि फर्जी नहीं है, तो राहुल गाँधी उसे जारी कराने का साहस क्यों नहीं दिखाते? 15 जनवरी की तारीख तय होने के बाद किसके दबाव में जनगणना की रिपोर्ट जारी नहीं की गई ?




# सीवान जिले के लेरूआ गांव में पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रदीप यादव पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

सीवान जिले में राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई ने एक बार फिर खूनी मोड़ ले लिया। यहां महाराजगंज थाना क्षेत्र के लेरूआ गांव में अज्ञात अपराधियों ने पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रदीप यादव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में प्रदीप यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पहले सीवान सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रदीप यादव पिछले पंचायत चुनाव में मुखिया पद के प्रत्याशी थे। वह मामूली मतों के अंतर से चुनाव हार गए थे। चुनाव के बाद से ही दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक तनाव की घटनाएं सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि घटना से ठीक एक दिन पहले प्रदीप यादव और उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच वर्चस्व को लेकर गरमागरम बहस हुई थी। इसे ही इस गोलीबारी की पृष्ठभूमि माना जा रहा है।

**हथियार लहराते हुए फरार हुए अपराधी:** प्रदीप यादव अपने घर से कुछ दूरी पर लेरूआ गांव में खड़े थे। तभी अज्ञात अपराधी बाइक पर सवार होकर आए और अंधाधुंध गोलियां चला दीं। गनीमत यह रही कि गोली उनके हाथ में लगी, जिससे उनकी जान बच गई। गोलीबारी के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

हमले के तुरंत बाद गंभीर घायल प्रदीप यादव को तुरंत सीवान सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि उनके हाथ में गोली लगने के कारण रक्तस्राव अधिक हुआ है, लेकिन उनकी स्थिति अभी नियंत्रण में है।

## सड़क दुर्घटना में राजस्व अधिकारी और अंचल नाजिर की मौत

**पटना।** बिहार शरीफ में सड़क दुर्घटना में राजस्व अधिकारी और अंचल नाजिर की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सिरदला अंचल कार्यालय के नाजिर अनुज कुमार और राजस्व अधिकारी ओमप्रकाश के रूप में की गई है। घटना के संबंध में विभाग के लोगों ने बताया कि दोनों बाइक पर सवार होकर कार्यालय से वापस नवादा स्थित अपने वर्तमान आवास पर लौट रहे थे। तभी आगे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना होते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गये। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना डायल 112 को दी।

## राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तेजस्वी की शक्तियां बढ़ाने पर फैसला

# तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए राजद ने कसी कमर, अप्रैल में होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

**केटी न्यूज/पटना**

राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तेजस्वी यादव की शक्तियां बढ़ाने पर बड़ा फैसला हुआ है। राजद ने शनिवार को पार्टी के तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को पार्टी से जुड़े फैसलों को लेने के लिए लालू प्रसाद यादव जैसे अधिकार दे दिए। इसके बाद राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने शनिवार को प्रस्ताव पेश किया कि राजद का वर्तमान सांगठनिक सत्र 10 अक्टूबर 2025 को समाप्त होने वाला है और चूंकि इसी साल सितंबर-अक्तूबर में बिहार विधानसभा चुनाव होना है, इसलिए सांगठनिक सत्र 2025-28 के लिए चुनाव कार्यक्रम को पहले कराया जाए। इसके मद्देनजर 2025-28 के लिए प्राथमिक और सक्रिय सदस्य बनाने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इस बार अप्रैल में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारी है, ताकि बिहार विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ा जाए और तेजस्वी



यादव के नेतृत्व में सरकार बनाई जाए। संगठनात्मक चुनाव के लिए राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पूर्व मंत्री रामचंद्र पूर्वे को बनाया गया है। सहायक राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पार्टी प्रवक्ता चितरंजन गगन को बनाया गया है।

बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के साथ उनकी उनकी पत्नी राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, सांसद मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, शिवानंद तिवारी समेत कई वरीय नेता पहुंचे। वहीं कार्यक्रम के बाद बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें बिहार को शीर्ष राज्यों में ले जाएंगे। यही हमलोगों का पहला लक्ष्य है। हमारे पास सबको साथ लेकर बिहार को आगे ले जाने का विजन और ब्लूप्रिंट है। खुशी की बात है कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के महाधिवेशन का निर्णय लिया गया है। तेजस्वी ने हर बूथ पर बूथ कमेटी बनाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी में फांकेबाजी नहीं चलेगी। पार्टी के लिए काम करने वालों को हीं पार्टी में जिम्मेदारी दी जाएगी और उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा। पार्टी में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी का अगला राष्ट्रीय महाधिवेशन पटना में करने का निर्णय लिया गया। बैठक का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने अकहा कि तेजस्वी काफी मेहनत कर रहे हैं। अबतक हजारों किलोमीटर की यात्रा उन्होंने पूरी की है। देखकर खुशी होती है कि जिस समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को लेकर राजद का गठन हुआ था उसे वे आगे बढ़ा रहे हैं।



## खबरें फटाफट

### गिरफ्तार हुआ फरार शराब तस्कर

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे शराब तस्कर रामजी मुसहर को गिरफ्तार कर लिया। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ स्थानीय थाना में पूर्व में शराब तस्करी के आरोप में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें वह फरार चल रहा था।

### यूपी पुलिस ने कठार में की छापेमारी

**कृष्णाब्रह्म।** कठार गांव में शनिवार को यूपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से एक अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। हालांकि, अभियुक्त फरार मिला और यूपी पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार बालिया जिला के रेवती थाना की पुलिस ने कठार गांव निवासी दीपू वर्मा के घर पर छापेमारी की, लेकिन आरोपित फरार मिला। जिससे यूपी पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। सब इंस्पेक्टर राम सकल यादव ने कहा कि फरार चल रहे आरोपित के खिलाफ रेवती थाना में प्राथमिकी दर्ज है।

## डुमरांव पुलिस ने छिनतई की घटना के महज तीन घंटे में किया उद्भेदन

# महिला से सोने का टॉप्स छीन भाग रहे तीन अपराधी गिरफ्तार, बाइक जब्त

- अंतरजिला गिरोह से जुड़े है तीनों उचक्के, रुपये व अभूषण बरामद
- बक्सर व भोजपुर जिले में महिलाओं व बच्चों को टारगेट कर सोने व चांदी के आभूषणों की करते थे छिनतई




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस ने राह चलती महिलाओं व बच्चों को टारगेट कर उनसे सोने चांदी के आभूषण, पर्स आदि छिनकर भागने वाले एक अंतरजिला गिरोह का उद्भेदन किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिरों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से कई घटनाओं में छिने गए आभूषण को भी बरामद किया है। यह कार्रवाई डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार उचक्कों में मुरार थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी दीपक डोम पिता कोयल डोम, राधेश्याम डोम पिता राम प्रवेश डोम तथा भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के सलेमपुर पिपरा गांव निवासी संतोष डोम पिता अशोक डोम शामिल है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम नगर के राज हाई स्कूल के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास से एक स्पलेंडर बाइक पर सवार तीन की संख्या में उचक्कों ने शहर के निमेज टोला निवासी अर्जुन पासी की पत्नी कौशल्या देवी के कान से सोने के दो टॉप्स छिन भाग गए। महिला ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने चारों तरफ छापेमारी अभियान शुरू कर दिया। घटना के करीब तीन घंटे बाद तीनों खलवा ईनार के पास से पकड़ लिए गए। उनके पास से उक्त महिला से छिने गए सोने के टॉप्स के अलावे सोने व चांदी के कई अन्य आभूषण, नोकिया का एक मोबाईल तथा 500 रूपए नगद बरामद हुआ। आवश्यक पूछताछ के बाद शनिवार को तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### पूछताछ में स्वीकारी कई घटनाओं में संलिप्तता

थानाध्यक्ष ने बताया कि जब उन्हें गिरफ्तार कर तलाशी ली गई तो उनके पास से उक्त महिला से छिने गए टॉप्स के अलावे सोने के दो पीस लाकेट, सोने का जीउतिया, चांदी का लॉकेट समेत कई अन्य आभूषण मिला। वहीं, पुलिस ने उनके पास से नोकिया का एक मोबाईल फोन तथा 500 रुपये तथा एक स्पलेंडर बाइक जिसका नंबर बीआर 03 के 4559 व नगद बरामद हुआ। पूछताछ में तीनों ने महिला से छिनतई के अलावे जिले के कई अन्य जगहों के अलावे भोजपुर में ही छिनतई में शामिल होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस उनसे पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, इस मामले के उद्भेदन के बाद लोगों में स्थानीय पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ गया है।

**सीसीटीवी कैमरे से हुई उचक्कों की पहचान :** जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगाला। फुटेज के आधार पर ही इस घटना में शामिल चोरों की पहचान हुई। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई। इसी दौरान घटना के करीब तीन घंटे के बाद तीनों उसी बाइक पर खलवा इनार के पास दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया।

**मिले कई आभूषण**

"महिला से छिनतई की जानकारी मिलते ही तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगाल घटना में शामिल अपराधियों की शिनाख्त की गई तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर छापेमारी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान तीनों खलवा ईनार के पास से पकड़े गए। उनके पास से कई आभूषण मिले है। तीनों अंतरजिला गिरोह के उचक्के हैं।

– शंभू कुमार भगत, थानाध्यक्ष, डुमरांव

## योजनाओं में बाधा पहुंचाने वालों पर होगी विधि सम्मत कार्रवाई



**केटी न्यूज/बक्सर**

अपर समाहर्ता कुमारी अनुपमा ने भू-अर्जन परियोजनाओं एनएच-319ए, एनएच-120 आरओबी-चौसा-गहमर, आरओबी बक्सर-बरूणा, आरओबी रघुनाथपुर-टुड़ीगंज, बक्सर-बलिया 3-लेन पुल के निर्माण एवं सम्पर्क पथ योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रगति हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। उक्त परियोजनाओं के हितबद्ध रैयतों से सम्पर्क कर मुआवजा भुगतान प्राप्त कराने हेतु जरूरी कागजात जमा करवाने का निर्देश अधियाची विभाग को दिया गया। संबंधित अंचल अधिकारियों को भूमि संबंधित एलपीसी एवं अन्य कागजात ससमय रैयतों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। ताकि भुगतान की कार्रवाई की जा सकें। एनएच एवं अन्य योजनाओं के निर्माण व क्रियान्वयन में बाधा पहुंचाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के लिये नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।




## टॉप 50 रेवेन्यू वाली सूची में शुमार हुए बक्सर व डुमरांव रेलवे स्टेशन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर व डुमरांव स्टेशनों के आय में तेजी से उछाल आया है। सूबे के सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाले 50 स्टेशनों में डुमरांव और बक्सर शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-24 के जनवरी माह से दिसंबर माह तक बक्सर ने 1,04,97,05,528 रुपयों को आय अर्जित की है। पिछले वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 94,65,97,264 रुपये था। पिछले वर्ष से इस बार 10,31,08,264 रुपयों की ज्यादा कमाई बक्सर स्टेशन ने की है।वहीं, डुमरांव ने भी धुंआधार कमाई की है। डुमरांव स्टेशन की पिछले वित्तीय वर्ष में कुल आय 10,11,66,756 रुपए हैं। पिछले वर्ष 2023-23 में यह आंकड़ा 9,57,97,551 रुपयों का था। डुमरांव स्टेशन ने भी पिछले वित्तीय वर्ष से इस बार 53,69,205 रुपयों की अधिक की कमाई की है। रेलयात्रियों का मानना है कि अभी इन स्टेशनों पर नए ट्रेनों का स्टॉप दिया जाए तो स्टेशन और अधिक आय अर्जित करेंगे।

## नवोदय विद्यालय में छठवीं कक्षा में नामांकन की परीक्षा संपन्न

- छह केंद्रों पर 1808 परीक्षार्थी हुए शामिल, 596 रहे अनुपस्थित

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के एकमात्र नवोदय विद्यालय में छठवीं कक्षा में नामांकन को लेकर शनिवार को जिले के छठ केंद्रों पर जांच परीक्षा ली गई। जहां कुल 2 हजार 402 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था जिसमें 1 हजार 808 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 596 परीक्षार्थी विभिन्न कारणों से परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा निर्धारित एक पाली में ली गई।

निर्धारित समय से विधिवत जांच के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रो पर प्रवेश दिया गया। जिससे कोई भी परीक्षार्थी अपने साथ नकल का सामग्री व इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस अपने साथ लेकर प्रवेश न कर सके।

बता दें कि पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत परीक्षार्थियों से नवोदय विद्यालय में नामांकन को लेकर आवेदन की प्रक्रिया किया था। जिसको लेकर शनिवार को परीक्षा ली गई। परीक्षा में पूरे जिले के सभी प्रखंडो से निर्धारित समय से अपने संबंधित केंद्रों पर पहुंचे थे। जहां सभी छठ केंद्रो पर कुल 1 हजार 808 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर जिले में राजकीय बुनियादी विद्यालय बक्सर, एमपी उच्च विद्यालय बक्सर, एसएस गर्ल्स उच्च विद्यालय बक्सर, इंदिरा उच्च विद्यायल बक्सर एवं नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बक्सर में परीक्षा ली गई।




## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को दिया गुलाब

**केटी न्यूज/बक्सर**



विगत 17 जनवरी से सप्ताह तक चलने वाले सड़क-सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को बक्सर नेहरू युवा केन्द्र, हिन्दुस्तान स्काऊट एण्ड गाईड तथा परिवहन एवं यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल थाना से लेकर ज्योति प्रकाश चौक तक सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई।

यह रैली उपाधीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा रैली में सतीश कुमार, जय प्रभा, देवर्षि साह, गणेश कुमार, बजरंगी कुमार, शिव कुमार सहित अन्य युवा मंडल शामिल थे। वही, इस रैली के तहत आकाश यादव, जय प्रकाश सिंह, रमन कुमार, मधु कुमारी, रीना कुमारी, करिश्मा कुमारी सहित 30 युवाओं द्वारा मॉडल थाना चौक से ज्योति चौक तक बगैर हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते तथा बगैर सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चलाते व वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करने वालों को हेलमेट तथा गुलाब का फूल दिया गया। साथ ही उन्हें नसीहत देते हुए जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने बताया कि यह कार्यक्रम 17 से 23 जनवरी तक चलेगा।

**दुर्घटनाओं में मर जाते हैं लोग :** सागर माहेश्वरी ने बताया कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में एक लाख से ज्यादा लोग मारे जाते हैं। पैदल यात्री, साइकिल चालक और मोटर चालित 2 और 3 पहिया वाहनों के सवार व उनके यात्रियों को सामूहिक रूप से कमजोर सड़क उपयोगकर्ता के रूप में जाना जाता है। असुरक्षित ड्राइविंग का चलन बढ़ रहा है, जिसके कारण वाहन दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई लोग मारे जाते हैं, गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं या अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो देते हैं। इनमें से कई दुर्घटनाएं खराब ड्राइविंग कौशल, सड़क सुरक्षा सावधानियों का पालन न करने, जागरूकता की कमी और यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं।

## महाकालेश्वर मंदिर प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए हुआ ध्वजारोपण

**ब्रह्मपुर।** प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित तुलसी स्थान पर अयोध्या धाम के आचार्य बाबुल मिश्रा, सोनू तिवारी एवं काशी धाम के पंडित मोहन पांडेय एवं दीपक ओझा एवं सहयोगी विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाकालेश्वर मंदिर प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ का ध्वजारोपण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महायज्ञ प्रबंधन न्यास परिषद के संयोजक मदन चौधरी, पंडित राजू बाबा, शैलेश ओझा, संतोष साह, गोपाल सिंह, राजेश केशरी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। तुलसी स्थान पर भव्य महाकालेश्वर मंदिर महालय का निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्राणप्रतिष्ठा होगी जिसके लिए राष्ट्रीय संत स्वामी सिद्धार्थ परमहंसजी के सानिध्य में 21 फरवरी को कलश शोभायात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ होगा।




## इटाढ़ी में चल रहा है श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह, बोले आचार्य रणधीर ओझा

# सृष्टि की सतत प्रक्रिया है प्रलय व पुनर्निर्माण

- तीसरे दिन की कथा में सुनाई गई सृष्टि के निर्माण की कथा

**केटी न्यूज/बक्सर**



इटाढ़ी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मामाजी के कृपापात्र आचार्य श्री रणधीर ओझा ने सृष्टि की उत्पत्ति, स्वयंभू मनु का चरित्र और भगवान शिव और सती के मिलन का वर्णन काफी रोचक तरीके से किया। आचार्य ने कहा कि यह कथा ब्रह्मांड के निर्माण, भगवान विष्णु की भूमिका, और सृष्टि के विभिन्न चक्रों का वर्णन करती है।

उन्होंने सृष्टि की उत्पत्ति के बारे में बताते हुए कहा कि प्रलय और पुनर्निर्माण सृष्टि में चलते रहता है। श्रीमद्भागवत में यह कहा गया है कि जब एक महान प्रलय आता है, तो समस्त ब्रह्मांड जल में समाहित हो जाता है। इस समय ब्रह्माजी जो सृष्टि के रचनाकार हैं, भगवान विष्णु की नाभि से उत्पन्न हुए कमल पर बैठे होते हैं। भगवान विष्णु इस समय आध्यात्मिक योग में लीन रहते हैं। जब यह प्रलय समाप्त होता है, तो भगवान विष्णु अपने कमल में सोते हुए ब्रह्माजी को सृष्टि के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

**भगवान विष्णु ने ब्रह्मा जी को सृष्टि के निर्माण करने को कहा :** आचार्य ने सृष्टि के प्रारंभ की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने ब्रह्मा जी को सृष्टि के निर्माण करने को कहा। ब्रह्मा जी ने अपने मन से मानस पुत्र के रूप में कई ऋषियों और देवताओं को पैदा किया। इसके बाद उन्होंने संसार की रचनाओं का विस्तार शुरू किया। इस प्रकार, ब्रह्माजी ने सृष्टि के सभी तत्वों प्रकृति, जीव, जल, आकाश, पृथ्वी, और अन्य सभी जीवों का निर्माण किया।

आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत में भगवान विष्णु के विराट रूप का भी उल्लेख किया गया है, जो ब्रह्मांड के पालनहार हैं। भगवान विष्णु सृष्टि के निर्माण, पालन, और संहार के कार्य को अपनी विराट शक्ति से करते हैं। यह विराट रूप हर जीव और कण में व्याप्त होता है और सृष्टि के हर कार्य में भगवान की उपस्थिति होती है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में स्वयंभू मनु का भी महत्वपूर्ण स्थान है। वह पहले मनुष्य हैं और सृष्टि के लिए धर्म का पालन करने वाले पहले व्यक्ति माने जाते हैं। भगवान विष्णु ने मनु को सृष्टि के लिए जिम्मेदार ठहराया और उनसे प्रजा का निर्माण कराया। मनु के नेतृत्व में सृष्टि का पुनर्निर्माण हुआ और उन्होंने अपनी कन्याओं के विवाह से जीवन के विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि जब सृष्टि का संहार होता है, तो भगवान विष्णु अपने अवतार में आते हैं और सृष्टि को पुनः रचने के लिए ब्रह्माजी को प्रेरित करते हैं। यह चक्र निरंतर चलता रहता है। सृष्टि का निर्माण, संहार और पुनर्निर्माण एक सतत प्रक्रिया है।



# दिसंबर में सबसे अधिक जुर्माना वसूलने वाला थाना बना डुमरांव

- डुमरांव पुलिस ने दिसंबर महीने में वसूले है सबसे अधिक 16 लाख रूपए का जुर्माना
- बोले थानाध्यक्ष... आगे भी जारी रहेगा प्रयास



**केटी न्यूज/डुमरांव**

एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर इन दिनों जिले के सभी थाना द्वारा नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है तथा बिना हेलमेट व वैध कागजात के वाहन चलाने वालों से जुर्माना वसूला जा रहा है। पिछले दिसंबर में महीने में इस मामले में डुमरांव थाना पूरे जिले में नंबर वन स्थान पर आया है। दिसंबर महीने में डुमरांव पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कुल 16 लाख रूपए का जुर्माना वसूला है, जो जिले के किसी थाने से सबसे अधिक है।

वहीं, इस संबंध में डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि दिसंबर महीने में पुलिस ने बड़े पैमाने पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया था। भीषण ठंड के बावजूद पुलिस ने हर दिन थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया तथा बिना हेलमेट, बिना डीएल, आरसी के अलावे मानक के अनुरूप कागजात के लिए वाहन चलाने वालों से जुर्माना वसूला गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आगे भी उनका प्रयास जारी रहेगा।

### ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी

थानाध्यक्ष शंभू भगत ने कहा कि विभाग और वरीय अधिकारियों के निर्देश पर वाहन चेकिंग को बढ़ावा दिया गया है। इससे कई फायदें होते हैं। पहला लोगों में वाहन चलाने के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन करने का डर बढ़ता है। वहीं, इसके कारण अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना सबके लिए जरूरी है। इससे दुर्घटनाओं की संभावना भी कम रहती है।

**सभी थानों को वहान चेकिंग अभियान चलाने का दिया गया है निर्देश :** गौरतलब हो कि एसपी शुभम आर्य ने विधि व्यवस्था संधारण के लिए सभी थानों को वहान चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दे रखा है। इसी के आलोक में सभी थानों द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें डुमरांव पुलिस सबसे अधिक मुश्तैद साबित हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उनका प्रयास जनवरी महीने में भी पूरे जिले में औव्वल आने का है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में उनके सभी पुलिस पदाधिकारी व जवान सक्रिय सहयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह टीम प्रयास का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि आगे भी उनका टीम वर्क जारी रहेगा। वही, थानाध्यक्ष ने वाहन चालकों से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने तथा वैध कागजातों के साथ सड़क पर निकलने की अपील की है।

## एक नजर

### बच्चों की शिक्षा में स्कूल के साथ अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है : एसडीएम



**डुमरांव।** नेशनल एकेडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि डुमरांव अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा में स्कूल की भूमिका के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। बदलते परिवेश में बच्चों की निगरानी अभिभावक करें तो देश और समाज का भविष्य बदल सकता है। वहीं युवा अपने शिक्षा के बदौलत आगे बढ़ते है तो देश और समाज का नाम रौशन होता है। स्कूल प्रशासन द्वारा आगत अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान एसडीओ, निदेशिका निशा देवी, बद्री विशाल सिंह, बबन प्रसाद आदि ने स्कूल के संस्थापक पूर्व बीडीओ स्व. केदार प्रसाद की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। आगत अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के बदलते परिवेश में भी बच्चों के विकास, व्यक्तित्व निर्माण और अनुसाशन को लेकर स्कूल की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने इसके लिए बच्चों व शिक्षकों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना, दहेज प्रथा नाटक, वृद्धाश्रम नाटक, झांसी की रानी सहित कई तरह के नृत्यों का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। मौके पर विश्वनाथ प्रसाद, सुनील तिवारी, अशोक प्रसाद, रेनू देवी, सीमा चौबे, इंदु देवी, रिद्धि सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नुआंव के बौना कलाकार रंजीत पासवान का असामयिक निधन, पसरा मातम



**डुमरांव।** अनुमंडल के नुआंव गांव निवासी व मात्र पौने तीन फीट की उंचाई वाले भोजपुरी कलाकार व सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत पासवान का निधन हो गया है। उनके निधन से कला जगत के साथ ही सामाजिक सरोकार से जुड़े लोग स्तब्ध हो गए हैं। बता दें कि रंजीत पासवान नुआंव के शिवबली पासवान का पुत्र था। वह चार भाई है तथा सभी की उंचाई ढाई से तीन फीट के बीच है। सभी भाई बौने है। इनमें धनजी पासवान अभी भी भोजपुरी सिनेमा में सक्रिय है। वही दो अन्य भाई गुड्डु पासवान व रमबेलास के अलावे उसके परिवार में पत्नी गीता देवी व एक पुत्री है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि शनिवार को अपराहन करीब तीन बजे अचानक हार्ट अटैक होने से उसकी मौत हो गई है। घटना के बाद से उसकी पत्नी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गौरतब हो कि वह काफी मिलनसार प्रवृति का था। यही कारण है कि उसके निधन की खबर मिलते ही नुआंव सहित आस पास के गांव के लोग भी मर्माहत है।

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा हुई संपन्न

# रैंकिंग सुधार में लापरवाही बरतने और काम नहीं करने वाले कर्मियों से शो-कॉज

- अपर समाहर्ता ने जनवरी के अंत तक 70 प्रतिशत लगान की वसूली करने का दिया सख्त निर्देश



**केटी न्यूज/बक्सर**

अपर समाहर्ता कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। समीक्षा के दौरान अपर समाहर्ता ने पाया कि दिसंबर 2024 में विभाग द्वारा निर्गत रैंकिंग में प्रत्येक स्तर पर प्रगति हुई है। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि जनवरी 2025 की रैंकिंग में अंचल अधिकारी 50 के नीचे एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता 20 के नीचे रैकिंग लाना सुनिश्चित करेंगे।

**अभियान बसेरा में प्रगति नही लाने वाले राजस्वकर्मी से शो-कॉज :** अभियान बसेरा 2 में अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं होने पर अपर समाहर्ता ने नाराजगी जताई तथा शून्य प्रगति वाले सभी राजस्व कर्मचारी से स्पष्टीकरण पूछने तथा मंतव्य के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही माह जनवरी के अंत तक शत प्रतिशत भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। जबकि भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर एवं डुमरांव को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के लिए 500 पर्चा तैयार करवाकर रखेंगे, ताकि माननीय मुख्यमंत्री से पर्चा का वितरण कराया जा सकें।

**जनवरी के अंत तक 70 प्रतिशत तक करें राजस्व की वसूली :** दाखिल-खारिज की समीक्षा के दौरान अपर समाहर्ता ने सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि 75 दिनों से ज्यादा वाले लंबित सभी मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित करेंगे।

**लक्ष्य के विरूद्ध कम की गयी वसूली :** भू-लगान की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कम वसूली की गयी है। माह दिसम्बर तक 60 प्रतिशत की वसूली की जानी थी। सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि ठोस कार्य योजना बनाते हुए सभी जमाबंदीधारी से शत प्रतिशत लगान की वसूली सुनिश्चित करते हुए माह जनवरी के अंत तक 70 प्रतिशत की वसूली सुनिश्चित करेंगे। भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि अंचल निरीक्षण के दौरान लगान वसूली की समीक्षा विशेष रूप से करना सुनिश्चित करेंगे।

**कर्मचारी के स्तर पर ज्यादा आवेदन लंबित:** परिमार्जन प्लस की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी के स्तर पर ज्यादा आवेदन लंबित है। अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि इसकी समीक्षा करते हुए वैसे राजस्व कर्मचारी जो कार्य के प्रति लापरवाही बरत रहे है, उनसे स्पष्टीकरण कर अनुशासनिक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

कृषि गणना फेज 2 की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि आज ही इस कार्य को समाप्त करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अंचल स्तर पर सप्ताहिक बैठक वृहस्पतिवार को करते हुए बैठक का फोटो भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पांच एकड से ज्यादा सरकारी जमीन का जांच कर पंजी संधारित करते हुए प्रतिवेदित करेंगे।

### हर सोमवार को दो अंचलों की समीक्षा करेंगे डीसीएलआर

भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक सोमवार को दो अंचल के सभी राजस्व कर्मचारी के साथ समीक्षात्मक बैठक करते हुए सभी महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा करेंगे एवं कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदित करेंगे। सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रत्येक महीने का भ्रमण कार्यक्रम अपर समाहर्ता को उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने सभी सीओ एवं डीसीएलआर को निर्देश दिया कि कार्य के प्रति गंभीर एवं सजग रहें तथा त्वरित निष्पादन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए ससमय कार्य का निष्पादन करें। ताकि रैकिंग के साथ-साथ आम लोगों को राजस्व कार्यों के निष्पादन हेतु किसी प्रकार को कठिनाई का सामना नहीं करना पडे.।

## नया भोजपुर में विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** जिले के नया भोजपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर स्थानीय चौक के पास से एक तस्कर को शराब की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुई है, जिसका वजन करीब सवा चार लीटर बताया जा रहा है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी श्रीकांत ओझा के बेटे रणविजय ओझा के रूप में हुई है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने इस संबंध में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नया भोजपुर चौक के रास्ते एक युवक शराब की खेप लेकर आ रहा है। जिसकी सूचना पर चौक के आस पास पुलिस टीम को तैनात किया गया। थोड़ी देर बाद ही चेकिंग के दौरान वह आते दिखाई पड़ा। पुलिस को देख उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पकड़ लिया तथा तलाशी लेने पर उसके पास से विभिन्न ब्रांड की शराब की बोतले बरामद हुई।




## पिता की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर दिया सेवा का संदेश



**केटी न्यूज/बक्सर**

सुमेश्वर स्थान मोहल्ले में अधिवक्ता दयासागर पाण्डेय और सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता राघव कुमार पांडेय ने अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व. सदानंद पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि पर दिव्यांगों के बीच कंबल वितरित कर उन्हें भोजन भी कराया।

दोनों अधिवक्ताओ ने सर्वप्रथम स्व. पिता सदानंद पाण्डेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से अपने पिता को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दूर-दराज से मौके पर पहुंचे दिव्यांग व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किए। इस पुनीत कार्य में परिवार के सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस दोनों अधिवक्ताओं ने कहा कि हमारे पिता ने हमें हमेशा समाज सेवा का महत्व सिखाया हैं। यह आयोजन उसी शिक्षा और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास है। आयोजन में मौजूद विश्व हिन्दू परिषद प्रांत सत्संग प्रमुख कन्हैया पाठक, विहिप विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अधिवक्ता चन्द्रभूषण ओझा, एनएसएस स्वयंसेवक सुंदरम कुमार, अधिवक्ता दयासागर पाण्डेय, अधिवक्ता राघव कुमार पाण्डेय, जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र बक्सर जिलाध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, अधिवक्ता पवन राय व अन्य मौजूद रहे।

## जमीन पर पेड़-पौधे रहेंगे तभी संभव होगा मधु का उत्पादन: कृषि वैज्ञानिक

- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से किसानों ने सीखे मधुमक्खी पालन के गुर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय ई-किसान भवन में तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। भूमि संरक्षण योजना के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई-जल छाजन विकास कार्यक्रम के अंतिम दिन शनिवार को वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज के वैज्ञानिकों ने किसानों को मधुमक्खी पालन के विषय में दी विस्तृत जानकारी। वैज्ञनिकों ने बताया की इससे जल और पेड़-पौधों का आम जीवन पर कितना महत्व डालता है बताया।

मधुमक्खी पालन को जोड़ते हुए वीर कुंवर सिंह के वैज्ञनिकों ने पेड-पौधों का महत्व कितना है, विस्तार से बताते हुए का मधु कहां से बनता है। उन्होंने बताया की मधु को पूजा-पाठ के साथ मेडिकल में भी काफी प्रयोग होता है। मधुमक्खी वैसे स्थानों पर अपना छज्जा उस स्थान पर बनाती हैं, जहा बाग, बगीचा और खेत होते हैं। पेड़ों-पौधों के साथ से निकलते पत्तियों और फूलों का रस चूसने के लिये उनके अंदुरूनी भाग में प्रवेश कर जाती हैं। उसी रस को अपने छज्जे तक लाती हैं, जो मधु बन जाता है। इसलिये जमीन पर पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो मधु का उत्पादन कहां से होगा। उसी तरह से पानी का उपयोग भी मधु बनाने में होता है। मुधमक्खियां नदी, तलाबों, झरनों से भी पानी लेकर मधु बनाने में उपयोग करती हैं। इसलिये जमीन से इनसबों के नष्ट होने से मधु बनाने में मधुमक्खिया सक्षम नहीं हो पाएगी। इसलिये भूमि संरक्षण में जल छाजन, पेड़-पौधों, नदी, तलाबों का धरती पर संरक्षण बहुत जरूरी है। इतना ही नहीं किसान इसका उत्पादन कर इसे कमाई का जरिया भी बना सकते हैं।




## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान दीदी सुदीक्षा कृष्णा जी ने कहा...

# भगवत भक्ति से प्राप्त होती है शक्ति, शुद्ध होता है मन

- सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में बी रही है भक्ति की बयार





**केटी न्यूज/डुमरांव**

श्रीमद्भागवत के भक्ति से मनुष्य को शक्ति प्राप्त होती है और मन शुद्ध होता है। वह सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। उक्त बातें शनिवार को डुमरांव के बड़ी संगत उदासीन मठ में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास दीदी सुदीक्षा कृष्णा जी ने महायज्ञ में भागवत कथा के महत्व का जिक्र करते हुए करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य इस संसार में मोहमाया के चक्कर में पड़ा रहता है। इसीलिए समय निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। सत्संग व कथा के माध्यम से मनुष्य भगवान की शरण में पहुंचता है। उन्होंने बताया कि कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है जब इसे हम अपने व्यवहार में अपनाएं।

भागवत पुराण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह हिन्दुओं के 18 पुराणों में से एक है। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों के देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरूपण भी है। श्रीमद्भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलता है। इसके श्रवण से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है। यहां भागवत रूपी रास चलता है पर लोग दर्शन करने को नहीं आते। भगवान कथा के दर्शन का संयोग हर किसी को प्राप्त नहीं होता है कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है। पावन हृदय से इसके स्मरण मात्र से पुण्य की प्राप्ति होती है हर प्राणी का कल्याण हो जाता है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष विकास ठाकुर, बब्लू जायसवाल, अरविंद श्रीवास्तव, विनोद केशरी, कन्हैया तिवारी, मुन्ना जी, बिहारी यादव, मनीष मिश्रा, राजेश यादव, मनीष यादव, अमित मिश्रा, देवेंद्र सिंह, सोनू ठाकुर, सुड्डु प्रसाद, मो. एकराम, रामजी प्रसाद व अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद सुप्रीमो लालू से मिले झारखंड के प्रदेश महासचिव

**रांची, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने शुक्रवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पटना स्थित उनके आवास में मुलाकात की। इस दौरान कैलाश यादव ने राजद सुप्रीमो को नव वर्ष की बधाई दी। साथ ही उनसे आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि पटना के एक होटल में राजद का एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक शनिवार को होना है। बैठक में झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, झारखंड सरकार के श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित कई लोग शामिल होंगे।

### भारतीय पुलिस क्रिकेट टीम में बोकारो के दो पुलिसकर्मियों का चयन

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो के दो पुलिसकर्मियों सुभाष चंद्र शुक्ला (1202) व कन्हाई महतो (1597) का चयन भारतीय पुलिस क्रिकेट टीम में हुआ है। चयन पर बोकारो में हर्ष का माहौल है। रांची के डोरंडा में टीम चयन प्रक्रिया में प्रदेश भर से लगभग 300 पुलिसकर्मी शामिल हुए थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बोकारो के दो पुलिस कर्मियों को टीम में शामिल किया गया। चयन पर एसपी बोकारो मनोज स्वर्गियारी, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, यातायात डीएसपी विद्या शंकर, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह, बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह, सार्जेंट मेजर वन प्रणव कुमार, सार्जेंट मेजर टू जोय प्रभाकर लकडा, इंस्पेक्टर संजय कुमार, इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास, इंस्पेक्टर नवीन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कच्छप, इंस्पेक्टर आजाद खां, इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम, थाना प्रभारी चंदन दुबे, थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने बधाई दी है।

### भुइयांडीह में जरूरतमंदों के बीच 800 कंबल एवं 500 साड़ी वितरित

**जमशेदपुर, एजेंसी।** ठंड के बीच जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से भुइयांडीह क्षेत्र अंतर्गत प्रीतम पार्क पटेल नगर स्थित मैदान में कंबल और साड़ी वितरण कार्यक्रम किया गया। भाजपा नेता सह समाजसेवी टुनटुन सिंह के नेतृत्व में नारी शक्ति समिति और दुर्गापूजा कमेटी के सहयोग से 800 जरूरतमंदों को कंबल और 500 महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। चिह्नित लाभार्थियों को पहले कूपन वितरित किए गए, ताकि वितरण प्रक्रिया सुचारू और संगठित हो सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूर्णिमा साहू और लोक समर्पण के संरक्षक ललित दास उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा नेता पवन अग्रवाल, एंजिल उपाध्याय, शांति तिवारी, नारी शक्ति समिति की अध्यक्ष चैताली सिंह भी मौजूद रहे। विधायक ने जरूरतमंदों को कंबल और साड़ी भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### 30 दिनों में अभिभावकों को जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें : डीसी

**बोकारो, एजेंसी।** डीसी विजया जाधव ने शुक्रवार को सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को क्षेत्र अंतर्गत संचालित सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण–पत्र 30 दिनों के अंदर निर्गत करने का निर्देश दिया है। बच्चे के जन्म लेने के साथ ही अभिभावकों से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आवेदन प्राप्त करने व पांच दिनों के अंदर संबंधित विवरणी पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है। डीसी ने कहा - स्वास्थ्य व सांख्यिकी विभाग सुनिश्चित करे की किसी भी परिस्थिति में बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में 30 दिनों से ज्यादा का समय नहीं लगे। सिविल सर्जन व जिला सांख्यिकी पदाधिकारी निगरानी करेंगे, अन्यथा संबंधित एमओआइसी के विरुद्ध बर्थ एंड डेथ रजिस्ट्रेशन एक्ट एवं राइट टू सर्विस एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। डीसी ने कहा - समीक्षा में पता चला कि समय पर अभिभावकों से आवेदन प्राप्त नहीं करने, विलंब से जन्म–मृत्यु पंजीयन पोर्टल पर जन्म से संबंधित विवरणी अपलोड होने, 30 दिन से ज्यादा का समय समाप्त हो जाने पर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत जिला सांख्यिकी पदाधिकारी स्तर से होने पर बेवजह अभिभावकों को परेशानी होती है। जबकि स्वास्थ्य केंद्र स्तर से ही जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना है। उन्होंने पिछले एक माह में कितने बच्चों का जन्म विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ। केंद्र स्तर से जन्म प्रमाण पत्र कितना निर्गत किया गया है। इसकी रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया है।

# दो लाख का इनामी पीएलएफआई का जोनल कमांडर गिरफ्तार, हथियार बरामद

**रांची , एजेंसी।** झारखंड की रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी के दो लाख के इनामी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर एक कारबाईन, एक पिस्टल मैगजीन सहित, 11 गोलियां, एक मोबाइल और तीन कंबल बरामद किया गया है।

डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो लाख के इनामी और पीएलएफआई के जोनल कमांडर कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कृष्ण यादव के ऊपर रामगढ़, लातेहार, चतरा, रांची और लोहरदगा जिले के अलग-अलग थानों में कुल 51 मामले दर्ज हैं। इससे पहले साल 2021 में भी रांची पुलिस ने कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद लातेहार पुलिस ने एक मामले में पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेकर बालूमाथ थाना के हाजत में रखा था। वह 23 मार्च, 2021 की सुबह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर था। साथ ही एक के बाद एक हत्या, गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती देते आ रहा था।डीआईजी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णा यादव अपने दस्ता सदस्यों के



साथ लोहदगा जिले के कुडू के धोबीघाट गया हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम वहां छापेमारी करने गई थी लेकिन कुछ देर पूर्व ही वहां से कृष्णा यादव जा चुका था।

आगे सूचना मिली कि वह अपने सदस्यों के साथ मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटा पहाड़ से हरहु बसरिया जाने वाली कच्ची सड़क के पास जंगल में दो अन्य दस्ता सदस्यों के साथ छुपा है और किसी नक्सल घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा है।सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने जंगली क्षेत्र का घेराबंदी कर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को अवैध हथियार, गोली एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर नकटा पहाड़ क्षेत्र के अम्बाटांड़ जंगल में स्थित क्षतिग्रस्त मकान में काले रंग के बैग में छिपाकर रखा हुआ हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया।डीआईजी के मुताबिक, कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि यह प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन से वर्ष 2014 से जुड़ा है तथा वर्तमान में जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी का सदस्य है। वह क्षेत्र के जमीन कारोबारियों, क्रसर मालिकों, ईंट-भट्ठा मालिकों तथा विकास कार्य में लगे ठेकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम की मांग करता था। साथ ही रकम नहीं देने पर कार्य स्थल पर दस्ता सदस्यों के साथ जाकर आगजनी, तोड़फोड़ एवं फायरिंग तथा हत्या तक की घटना को अंजाम देता है।नक्सली ने बताया कि कुछ और हथियार नकटा पहाड़ और चंदवा थाना क्षेत्र के सीमा के बीच जंगल में बने नाले के पास छिपाकर रखा है। इसी क्षेत्र में उसके दस्ता सदस्य भी रहते हैं। उसके बताए अनुसार इस क्षेत्र में पुलिस बल उसे साथ लेकर पैदल तलाशी एवं छापेमारी अभियान चला रही थी कि इस बीच में पुलिस को धक्का देते हुए रस्सा छुड़ाकर भागने लगा। इस दौरान वह गिरकर घायल हो गया। पुलिस उसे पकड़कर रिम्स रांची में भर्ती कराया है, जहां पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है।

## झारखंड के कोयलाकर्मियों के लिए ऐलान, पीएफ पर 7.6 प्रतिशत मिलेगा ब्याज

रांची, एजेंसी। कोयला कर्मियों के पीएफ पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7।6 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। पिछले वित्तीय वर्ष भी इसी दर से पीएफ पर ब्याज दिया गया था। शुक्रवार को हैदराबाद में सीएमपीएफओ बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक में इसपर सहमति बनी। वित्त मंत्रालय की स्वीकृति के बाद ब्याज दर की राशि पीएफ फंड में जुड़ेगी। कोयला सचिव विक्रमदेव दत्त की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई।

बैठक में पेंशन फंड के सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। हालांकि किसी मुद्दे पर सहमति नहीं बनी। कई अहम सुझाव आए हैं। पेंशन में बदलाव की मांग की गई। अगली बैठक में पीएफआरडी (पेंशन फंड रेगुलेटरी अथॉरिटी) की मौजूदगी में बैठक होगी। पेंशन फंड को सुदृढ़ करने के लिए कोल इंडिया से प्रतिटन 20 से 25 रुपए तक सेस देने का सुझाव भी आया। पेंशन फंड को लेकर गठित कमेटी पर भी चर्चा हुई। अंदरखाने मिली सूचना के अनुसार कोयला सचिव ने कोल इंडिया चेयरमैन से कहा कि कोल इंडिया पेंशन फंड को लेकर ठोस निर्णय के साथ बोर्ड की अगली बैठक में आए।

इधर एटक के रमेंद्र कुमार ने कहा कि पेंशन में बदलाव पर जोर दिया गया। पेंशन वृद्धि की मांग भी की गई। वहीं केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम को लागू करने का भी कुछ ने सुझाव दिया है। इधर गठित कमेटी की ओर से भी अब तक पेंशन मुद्दे पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंचने पर चर्चा हुई। सीएमपीएफओ के पेंशन फंड के निवेश पर नजर रखने के लिए क्रिसिल को सलाहकार के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। मालूम हो कि पीएफ फंड के निवेश से कम आमदनी के कारण ब्याज दर कम मिलती है। ज्यादा आमदनी होगी तो ज्यादा ब्याज दर मिल सकेगी। मालूम हो कि सीएमपीएफओ में पेंशन फंड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। जमा से ज्यादा निकासी होने के कारण लंबे समय तक पेंशन फंड को जिंदा रखने के लिए अतिरिक्त आर्थिक मदद की दरकार है।

# झारखंड में गरजा बुलडोजर

## चक्रधरपुर में तोड़ी गई कई दुकानें



**चक्रधरपुर , एजेंसी।** झारखंड के चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के सामने मिनी मार्केट सहित आसपास के 38 दुकानों को तोड़ने का अभियान रेलवे ने शुरु कर दिया है। शुक्रवार शाम तक 7 दुकानों को तोड़ दिया गया। और यह अभियान देर शाम तक चलता रहा। प्रशासन यहां 35 और दुकानों पर पीले पंजे का ऐक्शन लेने वाला है।

अचानक रेलवे की ओर से शुक्रवार की सुबह स्टेशन परिसर में माईकिंग कर दुकानों को रात तक खाली करने की घोषणा करने के बाद मौके पर दो जेसीबी मशीन के साथ आरपीएफ और कोरस कमांडो के जवान मिनी मार्केट के सामने खड़े हो गए। इसके चंद मिनट के बाद जिला प्रशासन की ओर नियोजित दंडाधिकारी सीओ सुरेश कुमार सिन्हा की अनुपस्थिति में कार्यपालक दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता, चक्रधरपुर थाना प्रभारी राजीव रंजन, रेलवे की ओर एईएन राजीव कुमार, आईओडब्ल्यु (ईस्ट) मनीष कुमार सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में दुकानों को तोड़ने का अभियान शुरु किया गया। सर्वप्रथम लगभग 12 बजे मिनी मार्केट के पूर्व के अभियान में तोड़े गए लोहे के बाकी बचे बेरिकेट युक्त चारदिवारी को जेसीबी के जरिए तोड़ दिया गया।

स्टेशन के सामने वाले पूरे बेरिकेट नेस्तानाबूद करने के बाद जेसीबी के जरिए हनुमान मंदिर से सटे एक होटल को तोड़ा गया। इसके बाद सुभल शौचालय के सामने के झाड़ियों से भरा बेरिकट वाली जगह को खाली कर दिया गया। इसके बाद एक एक कर जेसीबी के जरिए रेलवे पार्सल कार्यालय के प्रवेश द्वारा से सटे एक पान दुकान और मोबाईल की दुकान को तोड़ दिया गया। कुछ देर विराम के बाद 4 बजे से पुन दुकानों को तोड़ने का सिलसिला शुरु हुआ और शाम तक 7 दुकानों को पूर्ण रुप से तोड़ दिया गया। इस बीच माईकिंग के जरिए रात तक सभी दुकानों को खाली करने की फरमान निरंतर जारी रखा गया।

### दुकान खाली करने में जुटे दुकानदार

शुक्रवार 2 बजे तक सात दुकानों में बुल्डोजर चलने के बाद दुकानदार अपने-अपने दुकानों के रेक बिजली के तार समेटते समेटते नजर आए। वे वाहनों के जरिए सामानों को सुरक्षित जगहों में ले जाते दिखे। मिनी मार्केट के लगभग 60 साल पुरानी कुछ दुकानों एवं स्टेशन के पास स्थित भरत होटल समेत दर्जनों पुरानी दुकानों में से दुकानदार अपने अपने समानों को हटाकर उसे खाली करते नजर आए।

### रनिंग रूम के पास 2 दुकानों को खाली कराया गया

अभियान में सड़क के बीच अडिग रहे रनिंग रुम के पास दो दुकानों को भी रेलवे के अधिकारियों ने खाली करवाया। अधिकारियों ने कहा कि सभी दुकानदारों को रात तक अपने दुकानों के सामान हटा लेने की हिदायत दी है। अन्यथा शनिवार को दुकानों को बुल्डोजर के जरिए तोड़ दिया जाएगा।मिनी मार्केट के पास दुकानदारों ने दुकान न तोड़ने देने की जिद पर अड़े रहे। कुछ दुकानदारों ने कहा कि रेलवे ने माईकिंग के जरिए 17 और 18 जनवरी तक यानि दो दिन में खाली करने को कहा गया था। वे 18 जनवरी तक पूरी दूकानें खाली कर देंगे। लेकिन रेलवे के अधिकारी, दंडाधिकारी और चक्रधरपुर थाना प्रभारी तथा आरपीएफ के थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर दुकान खाली कराने के लिए दो घंटे का मोहल्लत दिया।

# कल्पना सोरेन मिली नई जिम्मेदारी, अब बनी महिला और बाल विकास समित की सभापति

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन कर दिया है। समितियों के सभापति एवं सदस्यों के नाम से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। गांडेय से झामुमो विधायक कल्पना सोरेन को महिला, बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव लोकलेखा समिति के अध्यक्ष होंगे। बता दें कि झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के तहत विविध समितियों का गठन किया जाता है।

जारी अधिसूचना के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष विशेषाधिकार समिति, नियम समिति और याचिका समिति के सभापति होंगे। इसके अलावा गढ़वा से भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को सामान्य प्रयोजन समिति, लिट्टीपाड़ा से झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू प्राक्कलन समिति, मझगांव के झामुमो विधायक निरल पूर्ति सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति, निरसा से माले विधायक अरूप चटर्जी सरकारी आश्वासन समिति, दुमका के झामुमो विधायक बसंत सोरेन प्रश्न एवं



ध्यानाकर्षण समिति, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति, लोहरदगा के कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति, चंदनक्यारी के झामुमो विधायक उमाकांत रजक निवेदन समिति, महेशपुर के विधायक स्टीफन मरांडी अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति, मनिका के कांग्रेस विधायक रामचन्द्र सिंह सदाचार समिति, कोडरमा से भाजपा विधायक डा। नीरा यादव पुस्तकालय विकास समिति, सारठ के झामुमो विधायक उदयशंकर सिंह पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति, रांची के भाजपा विधायक चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह विधायक निधि अनुश्रवण समिति, गुमला के झामुमो विधायक भूषण तिर्की शून्यकाल समिति, धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा गैर सरकारी संकल्प समिति, देवघर के राजद विधायक सह राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति, ईचागढ़ की झामुमो विधायक सविता महतो युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति, खरसावां विधायक दशरथ गगराई आवास समिति, जमशेदपुर पश्चिम विधायक सरयू राय प्रत्यायुक्त और तमाड़ के झामुमो विधायक विकास मुंडा खाद्य, सार्वजनिक एवं उपभोक्ता मामले समिति के सभापति होंगे।

## रिम्स में हैवानियत, इलाज कराने आयी युवती को देख सुरक्षा गार्ड की डोली नीयत,

**रांची, एजेंसी।** जहां लोगों को जीवनदान मिलता है, मरीजों के दुख दर्द को दूर किया जाता है, वहीं पर एक सुरक्षा गार्ड ने युवती के इज्जत को तार-तार कर दिया। मामला राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स का है। दरअसल अस्पताल में इलाज कराने आयी 20 वर्षीय युवती के साथ एक सुरक्षाकर्मी (भूतपूर्व सैनिक, सैप) ने रिम्स की छत पर ले जाकर दुष्कर्म किया। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



घटना के युवती के बयान पर शुक्रवार को बरियातू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करा ली गयी। आरोपी सैप जवान का नाम संतोष कुमार बारला है और वह जगन्नाथपुर, धोबी घाट साइड-एफ कर रहनेवाला है। बरियातू पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दर्ज प्राथमिकी में युवती ने बताया है कि वह इलाज कराने के लिए अपने प्रेमी के साथ रिम्स आयी थी। पूरा इलाज नहीं हो पाया था, इसलिए अगले दिन इलाज कराने के लिए रिम्स में रुकी हुई थी।

गुरुवार रात 10:00 बजे वह और उसका प्रेमी टिकट काउंटर के पास आये। चूंकि कहीं जगह नहीं थी, इसलिए दोनों वहीं सो गये। रात 11:40 बजे पैर में काफी दर्द होने लगा, तो उसका प्रेमी कपड़ा हटा कर उसका पैर दबाने लगा। इस दौरान आरोपी जवान वहां पहुंचा और कहने लगा कि तुमलोग गलत कर रहे हो। चलो पूछताछ करनी है। वह युवती को अकेले पूछताछ के बहाने ले जाने लगा, तो प्रेमी ने विरोध किया। युवती के प्रेमी ने कहा जो पूछताछ करना यही करें, लेकिन वह जवान नहीं माना। वह युवती कों लिफ्ट से छत पर ले गया और वहां दुष्कर्म किया।

## एक करोड़ के इनामी विवेक सहित सात नक्सली दस्तों पर बोकारो पुलिस की नजर

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिला में नक्सली गतिविधियां लगभग समाप्त हो चुकी हैं। फिलहाल सात नक्सलियों की चहलकदमी क्षेत्र में हो रही है। एक करोड़ का इनामी नक्सली विवेक के अलावा छह नक्सलियों पर पांच लाख से 15 लाख तक का इनाम है। सभी नक्सलियों का दस्ता पारसनाथ पहाड़ से झुमरा पहाड़ तक व झुमरा पहाड़ से पारसनाथ पहाड़ तक भ्रमण करता है। सभी बोकारो पुलिस की नजर में हैं। नक्सलियों के खिलाफ बोकारो पुलिस का अभियान उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में लगातार चलाया जा रहा है। जल्द ही सभी पुलिस गिरफ्त में होंगे। यह जानकारी शुक्रवार को बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने कैंप दो स्थित कार्यालय में बातचीत के क्रम में दी।

एसपी श्री स्वर्गियारी ने कहा - एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) में शामिल पुलिस अधिकारी सप्ताह में दो से तीन बार नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अभियान चला रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण भी नक्सलियों को नकार रहे हैं। पिछले दिनों चतरोचट्टी में पुलिया निर्माण में लगी एक कंपनी के मुंशी का अपहरण कर लिया गया था।

इसमें नक्सली के नाम का उपयोग किया गया था। मुंशी को स्थानीय युवकों के चंगुल से मुक्त करा लिया गया था। पुलिया निर्माण कार्य में लगी कंपनी क्षेत्र में काम कर रही है।एसपी श्री स्वर्गियारी ने बताया कि बोकारो पुलिस के समक्ष तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। एक नक्सली को सरकार की ओर से एक करोड़ की राशि, घर बनाने के लिए जमीन, इंश्योरेंस सहित परिवार के भरण पोषण के लिए समुचित व्यवस्था दी गयी है। दो नक्सलियों को सभी तरह की सुविधा देने की पहल की गयी है।

# बरवाघाट मेला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो के उत्तरी रैयत क्षेत्र पंचौरा के हरि मंदिर टोला में मकर संक्रांति व बरवाघाट मेला के अवसर पर बरबाहरि कला संस्कृति मंच द्वारा भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बॉलीवुड एवं झोलीवुड के कई कलाकारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

मुख्य अतिथि सुर संग्राम विजेता एवं बॉलीवुड की प्लेबैक सिंगर ममता राउत ने अस्वस्थता के बावजूद कार्यक्रम में समा बांधे रखा। कार्यक्रम में अंतिम सुर संग्राम की फाइनिलिस्ट व लोकप्रिय भजन गायिका अर्चना गोस्वामी ने भी अपने भजन से दर्शकों को खूब झुमाया। झारखंड के खोरठा लोक गायक गौतम महतो ने भी अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन



किया। कॉमेडियन केडी सुपर ने भी खूब हंसाया, जबकि यूट्यूब के स्टार डांसर विक्की सिंह ने भी अपने डांस से लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में पंचौरा के तीन मुख्य कलाकारों जगेश्वर गोस्वामी को वादन क्षेत्र में, पंडित श्याम गोस्वामी को भजन गायन क्षेत्र में व अर्जुन गोस्वामी को नाट्य विधा में विशिष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र, शॉल, मोमेंटो, मेडल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह विशिष्ट कलाकारों ममता राउत, अर्चना गोस्वामी, गौतम महतो, सौम्य सरगम, केडी सुपर, विक्की सिंह एवं मिथुन झारखंडी को भी सम्मानित किया गया। बरवाघाट मेले के लगभग 200 सालों के इतिहास में पहली बार इस तरह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन अशोक-कामेश ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आकाश गोस्वामी, लक्ष्मी मंडल, अनिल सिंह, अक्षय गोस्वामी, अजय गोस्वामी , अभिमन्यु गोस्वामी, गोपाल गोस्वामीआदि का सक्रिय योगदान रहा।

# सेवानिवृत्त क्वार्टर लाइसेंसधारियों ने इस्पात भवन पर किया प्रदर्शन

**बोकारो, एजेंसी।** क्वार्टर लाइसेंस स्कीम के अंतर्गत अनुचित ढंग से प्रति 11 माह में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी वर्ष 2017 से वापस लेकर 1000 क्वार्टर रेंट के आधार पर लंबित क्वार्टर लाइसेंस का नवीकरण करने, सभी प्रकार का क्वार्टर लाइसेंस स्कीम के अंतर्गत लाने सहित अन्य मांग को ले सेवानिवृत्त क्वार्टर लाइसेंसधारियों ने शुक्रवार को इस्पात भवन पर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम बोकारो इस्पात कामगार यूनियन-एटक के बैनर तले हुआ। सेवानिवृत्त क्वार्टर लाइसेंसधारियों ने मांग को ले सेल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा।

बोकारो इस्पात कामगार यूनियन-एटक के महामंत्री रामाश्रय प्रसाद सिंह ने कहा - क्वार्टर लाइसेंस स्कीम 30।11।2016 से अनुचित ढंग से प्रति 11 माह में 10त्न की बढ़ोतरी कर दी गई थी। विडंबना है कि सर्कुलर के विपरीत 2017 से ही क्वार्टर रेंट 1300 कर दिया गया। नगर सेवा क्वार्टर लाइसेंस सर्कुलर अपने आप में त्रुटिपूर्ण था, जिसका क्वार्टर लाइसेंसधारियों ने विरोध



किया। कई बार द्विपक्षीय वार्ता के बाद 10 प्रतिशत बढ़ोतरी हटाने पर सहमति 2017 से हुई थी। लेकिन, नगर सेवा क्वार्टर लाइसेंसिंग सर्कुलर 17।10।2019 द्वारा 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रोक दी, लेकिन, क्वार्टर लाइसेंसिंग रेंट रुपये 1300 ही रह गया, जो बिल्कुल अनुचित है।

श्री सिंह ने कहा - दुर्गापुर स्टील प्लांट में 25 त्न रिबेट देकर सेवानिवृत्त लाइसेंसधारी का लाइसेंस रिन्यूअल पीछे से वर्तमान रेंट में किया गया है। इसके साथ-साथ दुर्गापुर स्टील प्लांट में 400 स्क्वायर फीट प्लिंथ एरिया पर 1000 प्रति माह के रेंट पर ईएफ टाईप क्वार्टर व 612 स्क्वायर फीट प्लिंथ एरिया पर सीडी टाईप क्वार्टर भी लाइसेंस के अंतर्गत लाया गया, जो बिल्कुल सफल हुआ है। भिलाई स्टील प्लांट में 2 प्रति स्क्वायर फीट रेंट लिया जा रहा है। सिक्योरिटी रकम सभी स्टील प्लांट में भिन्न है। लेकिन, रेंट की बढ़ोतरी सिर्फ बोकारो में की गयी है।

श्री सिंह ने कहा - बोकारो स्टील प्लांट नगर सेवा के लाइसेंसिंग अधिकारी भ्रमित कर सेवानिवृत्त लाइसेंसधारी कर्मचारियों को कोई रिबेट नहीं देना चाहते हैं। तीन-तीन बार का लाइसेंस नवीकरण लाइसेंसधारी सेवानिवृत्त कर्मचारी के पास लंबित है। सभी के सभी क्वार्टर लाइसेंसिंग नवीकरण का रकम जमा करना भी चाहते हैं। 24।08।2022 से जो जिसमें रह रहा था, उसका लाइसेंस किया है, लेकिन आज दो वर्ष से ज्यादा हो गये। सभी के सभी लाइसेंसिंग रुका हुआ है।

लंबित क्वार्टर लाइसेंस नवीकरण की प्रक्रिया जल्द पूरा किया जाये - श्री सिंह ने कहा कि बोकारो स्टील में इएफ टाइप क्वार्टर का एरिया 377 स्क्वायर फीट है, जबकि अन्य दूसरे स्टील प्लांट का क्वार्टर का प्लींथ एरिया बोकारो से ज्यादा है। लेकिन, रेंट बोकारो से काफी कम है। लंबित क्वार्टर लाइसेंस नवीकरण की प्रक्रिया जो काफी दिनों से लंबित है, जल्द पूरा किया जाये। प्रदर्शन में आर शर्मा, आरआर दास, पीपी चौधरी, रूपलाल, काशी, मनोज कुमार, एसएल गोराई, एसडी सिंह, धनंजय शर्मा, आरएस दे, कलावती, एसएन तिवारी आदि शामिल थे।

## सुभाषितम्

इच्छा से दुख आता है, इच्छा से भय, आता है, जो इच्छाओं से मुक्त है वह न दुख जानता है न भय। - महात्मा गांधी

## चंद अमीरों का दुनिया की दौलत और लोकतंत्र पर कब्जा

**अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन** 20 जनवरी को अपने पद से रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने अपने विदाई भाषण में लोकतंत्र को लेकर एक बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सत्ता का केंद्रीकरण कुछ हाथों में सीमित होता जा रहा है। उन्होंने कहा अमेरिका जैसे देश में अत्याधिक धन शक्ति के बल पर सुपर रिच और राजनेताओं का एक खतरनाक गठजोड़ बनता चला जा रहा है। दुनिया के चंद अमीर मिलकर लोकतांत्रिक देशों की सत्ता पर कब्जा कर रहे हैं। लोकतंत्र पर अपरोक्ष रूप से सुपर रिच मैन कब्जा कर रहे हैं। यह दुनिया के लिए सबसे खतरनाक दौर है। सुपर रिच मैन और राजनेताओं का यह गठजोड़ आम नागरिकों के बुनियादी अधिकारों, उनकी जरूरतों और आजादी के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, पूंजीपतियों के चंगुल से जल्द से जल्द निकलना होगा। सेवानिवृत्त होने जा रहे राष्ट्रपति जो बाइडेन यहीं नहीं रुके, उन्होंने अपने भाषण में कहा, यह शक्तिशाली गठजोड़ प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण पर भी अपना कब्जा करना चाहता है। जिसके कारण भविष्य में आम नागरिकों का जीना मुश्किल होगा। बाइडेन ने डिजिटल तकनीकी के इस दौर में औद्योगिक समूहों द्वारा जिस तरह का एकाधिकार सत्ता के साथ मिलकर किया जा रहा, वह बेकाबू होता चला जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, मीडिया में अब सच नहीं झूठ परोसा जा रहा है। मीडिया हाउस में धन शक्ति के बल पर रिचमैन का कब्जा होता चला जा रहा है। जो लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, अमेरिका जैसा देश गलत सूचनाओं के भंवर में फंस चुका है। सही सूचनाओं का अभाव होता चला जा रहा है। प्रेस पर भारी दबाव है। स्वतंत्र मीडिया का नहीं होना, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने जो कहा है, उसमें कोई भी गलत बात नहीं है। विदाई के समय आदमी सच ही बोलता है। अमेरिका दुनिया का सबसे विकसित राष्ट्र है। सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। अमेरिका में अभी भी न्यायपालिका पूरी तरह से स्वतंत्र है। अमेरिका में सत्ता का केंद्रीकरण अभी तक नहीं हो पाया है। पूरी दुनिया के देशों में हो रहे बदलाव से अमेरिका अवगत है। दुनिया में जो लोकतांत्रिक देश थे। वह पूंजीपतियों और राजनीतिक गठजोड़ से सत्ता पर कब्जा कर रहे हैं। सारे नियम कानून इस तरीके से बनाए जा रहे हैं। जिसका लाभ कुछ चंद लोगों तक पहुंचे। दुनिया के अधिकांश देशों में गरीब, गरीब होता जा रहा है। अमीर, अमीर होते चले जा रहे हैं। आर्थिक असमानता बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। प्रकृति के संसाधनों पर बड़ी तेजी के साथ अमीरों का कब्जा हो रहा है। भारत जैसा देश भी इससे अछूता नहीं है। भारत में वैश्विक व्यापार संधि के नियम लागू होने के बाद पिछले 20 वर्षों में भारत में बड़े आर्थिक बदलाव देखने को मिले हैं। 2014 से 100 फीसदी विदेशी निवेश ने भारत में पूंजीवाद को बढ़ावा दिया है। भारत में समाजवाद की अवधारणा पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के संविधान में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के अधिकारों को विकेंद्रीकृत किया गया है। पिछले 10 वर्षों में इन तीनों संवैधानिक संस्थाओं का केंद्रीकरण होता हुआ दिख रहा है। वर्तमान में भारत की क्या हालत है, लोकतांत्रिक संस्थाएं धीरे-धीरे कमजोर कर दी गई हैं। सत्ता के इशारे पर न्यायपालिका और कार्यपालिका काम करने के लिए विवश है। सत्ता भी एक ही व्यक्ति पर केंद्रित होती चली गई। भारत में ब्रह्मा-विष्णु-महेश का जो कॉन्सेप्ट संविधान में था। संविधान ने न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका के रूप में सत्ता में ब्रह्मा, विष्णु, महेश की कल्पना की थी। अब वह व्यवस्था देखने को नहीं मिल रही है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुए एक राजनेता के पास सभी शक्तियां हैं। पूंजीपतियों ने सत्ता पर शिकंजा कस दिया है। पूंजीपति जो नियम और कानून बनाना चाहते हैं, वही नियम और कानून पिछले 10 वर्षों में बन रहे हैं। जिसका लाभ सीधे-सीधे पूंजीपतियों को हो रहा है।

## चिंतन-मनन

### ईश्वरीय सिद्धांत

**तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्धांत** उपक होते हैं- यह जो संसार है परमात्मा से व्याप्त है, उसके अतिरिक्त सब मिथ्या है, माया है, भ्रम है, स्वप्न है। मनुष्य को उसकी इच्छानुसार सृष्टि संचालन के लिए कार्य करते रहना चाहिए। मनुष्य में जो श्रेष्ठता-शक्ति या सौन्दर्य है वह उसके दैवी गुणों के विकास पर ही है। मनुष्य जीवन के सुख और उसकी शांति के लिए इन तीनों सिद्धांतों का पालन ऐसा ही पुण्य-फलदायक है। ईश्वर उपासना मनुष्य का स्वाभाविक धर्म है। उपासना विकास की प्रक्रिया है। संकुचित को सीमारहित करना, स्वार्थ को छोड़कर परार्थ की ओर अग्रसर होना मनुष्य के आत्मतत्त्व की ओर विकास की परिपाटी है। पर यह तभी संभव है जब सर्व-शक्तिमान परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर लें, उसकी शरणागति की प्राप्ति हो जाय। मनुष्य रहते हुए मानवता की सीमा को भेदकर उसे देवस्वरूप में विकसित कर देना ईश्वर की शक्ति का कार्य है। जान-बूझकर या अकारण परमात्मा कभी किसी को दंड नहीं देता। प्रकृति की स्वच्छंद प्रगति प्रवृत्ति में ही सबका हित नियंत्रित है। जो इन प्राकृतिक नियमों से टकराता है वह बार-बार दुःख भोगता है और तब तक चैन नहीं पाता, जब तक वापस लौटकर फिर उस सही मार्ग पर नहीं चलने लगता है। भगवान भक्त की भावनाओं का फल तो देते हैं, किंतु उनका विधान सभी संसार के लिए एक जैसा ही है। भावनाशील व्यक्ति भी जब तक अपने आप की सीमाएं नहीं पार कर लेता, तब तक अटूट विश्वास, दृढ़ निश्चय रखते हुए भी उन्हें प्राप्त नहीं कर पाता।

# केजरीवाल के लिए कांग्रेस ने बढ़ाई चुनौती

**दिलीप कुमार पाठक**

**पिछले दो विधानसभा चुनावों में** करारी हार के बाद अपनी सत्ता गँवा चुकी कांग्रेस इस बार अपनी खोई हुई जमीन तलाशने के लिए मजबूती से चुनाव लड़ रही है। कई चुनावों बाद कांग्रेस की जोरदार सक्रियता ने कांग्रेस कार्यकताओं को जुनून और जोश से भर दिया है। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। दिल्ली में कांग्रेस के उम्मीदवार इस समय लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की डिमांड सबसे ज्यादा कर रहे हैं। हाल ही में वायनाड लोकसभा सीट से जीतकर सांसद बनी प्रियंका गांधी वाड्रा के भी चुनाव प्रचार में उतरने की संभावना प्रबल हो चुकी है। इस बार मुख्य आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच मुकाबला माना जा रहा है, लेकिन कांग्रेस की वापसी की चर्चा हर ओर है। पिछली बार साल 2020 में 5% से भी कम वोट लाने वाली कांग्रेस इस बार कितना वोट ला पाएगी? इस बार दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी? यह भविष्य में तय होगा। 2015 और 2020 में कांग्रेस दिल्ली में खाता नहीं खोल पाई थी, इसीलिए कांग्रेस इस बार देश की राजधानी में अपने सर्वाइवल की लड़ाई लड़ रही है। अब जबकि सभी 70 सीटों के लिए प्रत्याशियों का चेहरा साफ हो गया है, ऐसे में कांग्रेस के कैंपेन और उसके चुनाव प्रचार पर सबकी नजर है। प्रदेश कांग्रेस और उम्मीदवारों की तरफ से राहुल और प्रियंका की रैली और रोड शो को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन दोनों नेताओं की पूरी दिल्ली में लगभग एक दर्जन कार्यक्रम करवाने की तैयारी है, जिसमें सभाएं और रोड शो शामिल हैं।

सबकी नजर इन दिनों नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र पर है। ये सीट काफी हाई प्रोफाइल बन गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार हैं। रोचक बात यह है कि कांग्रेस ने पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को यहां मैदान में उतारा है। संदीप दीक्षित पूर्व लोकप्रिय मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे हैं। शीला 2013 से पहले लगातार तीन बार इसी नई दिल्ली



सीट से विधायक रहीं। इन दिनों नई दिल्ली विधानसभा सीट पर राहुल गांधी का रोड शो करवाए जाने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल, रूट को तय किया जा रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार की शुरूआत हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले हफ्ते सीलमपुर में पहली रैली कर चुके हैं, और मुस्लिम बहुल उस इलाके में राहुल गांधी बीजेपी पर तो बरसे ही थे, साथ ही आम आदमी पार्टी और खासतौर पर पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर भी कई सवाल उठाए थे। अब ऐसी कोशिश की जा रही है कि राहुल गांधी आने वाले हफ्ते से ऐसे इलाकों में प्रचार करने पहुंचें, जहां पार्टी को अपने रिवाइवल की उम्मीद सबसे ज्यादा है। इस बीच, उम्मीदवारों को साफ तौर पर कहा गया है कि वे घर-घर जाकर जनसंपर्क करें। खासतौर पर उम्मीदवारों को हिदायत दी गई है कि कांग्रेस ने जिन पांच वादों को लोगों के सामने रखा है, उसे हैंड बिल और पोस्टरों के जरिए घर-घर पहुंचाया जाए।

कालका जी सीट भी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यहां से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव लड़ रहीं हैं तो कांग्रेस ने ऑल इंडिया कांग्रेस महिला कमेटी की अध्यक्ष चर्चित चेहरा अल्का लांबा को मैदान में उतार दिया है। वहीं भाजपा ने रमेश विधूड़ी को उतारा है रमेश विधूड़ी दोनों दिग्गज महिला नेताओ के विरुद्ध निजी कटाक्ष करते हुए चर्चा में बने हुए हैं, लेकिन रमेश विधूड़ी के अभद्र बयान भाजपा को काफी नुकसान पहुचाने वाले हैं यह तय है। रमेश विधूड़ी पहले भी ऐसे आपत्तिजनक टिप्पणी करते रहे हैं। अभद्र बयान देने वाले शहजाद पूनावाला ने तो माफी मांग ली है, लेकिन रमेश विधूड़ी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पिछले दो चुनावों में खाता भी न खोल पाने वाली कांग्रेस इस बार दिल्ली में अपने अस्तित्व को पुनः कायम करने के लिए लड़ रही है। वहीं आम आदमी पार्टी दो बार प्रचंड बहुमत प्राप्त करने वाली इस बार वो बहुमत प्राप्त नहीं कर पाएगी यह तय लग रहा है। अगर कांग्रेस पुनः जनता से सम्बन्ध कायम कर सकी तो 07-10 सीटें जीत सकती है, वहीं भाजपा का भी ग्राफ बढ़ने के चांस हैं। गुजरात, हरियाणा में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वाली आम आदमी पार्टी को अब दिल्ली में कांग्रेस, केजरीवाल कम्पनी एवं आम आदमी पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं। जाहिर है कांगेस सरकार तो नहीं बना पाएगी लेकिन केजरीवाल को कमजोर कर सकती है। बहुत मुमकिन है केजरीवाल बहुमत भी खो सकते हैं। इसलिए ही केजरीवाल ने इंडिया के बड़े नेताओ का समर्थन हासिल करते हुए कांग्रेस पर दबाव बनाया था कि कांग्रेस दिल्ली चुनाव में सक्रिय न रहे, लेकिन कांग्रेस ने किसी की भी बात न मानते हुए इस बार केजरीवाल को गच्चा देने का मन बना चुकी है। दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन पाने के लिए बहुत कुछ है। यही कारण है कि केजरीवाल के लिए भाजपा से कहीं अधिक कांग्रेस चिंता का सबब बनी हुई है।

# कुंभ 2025: नागा साधु कौन हैं और युवाओं के लिए उनकी सीख

**मनीष नागर**

**भारत की धरती तपस्वियों,** संतों और साधुओं की अनमोल विरासत से समृद्ध है। इनमें नागा साधु अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। कुंभ मेले में इनका आगमन न केवल रहस्य और आस्था को दर्शाता है, बल्कि भारतीय संस्कृति के गहन पक्षों को उजागर करता है। आइए जानें, नागा साधु कौन होते हैं, उनका उद्देश्य क्या है, वे कुंभ मेले में कहां से आते हैं और हमें उनसे क्या सीखना चाहिए।



नागा साधु कौन हैं ?

नागा साधु सनातन धर्म के तपस्वी संत होते हैं, जिन्हें कठोर साधना और वैराग्य का प्रतीक माना जाता है। नग्नता और नागा शब्दों का अर्थ है भौतिक वस्त्रों का त्याग, जो उनकी संसार से पूर्णतः दूरी और आत्मनियंत्रण को दर्शाता है। नागा साधु शैव और वैष्णव परंपराओं से संबंधित होते हैं, जो भगवान शिव और विष्णु के अनन्य भक्त हैं।

उद्देश्य और साधना का महत्व

नागा साधुओं का मुख्य उद्देश्य अध्यात्मिक जागृति और आत्मज्ञान की प्राप्ति है। वे सांसारिक मोह-माया और भौतिक सुखों से दूर रहकर तप, योग और ध्यान में लीन रहते हैं। उनका जीवन त्याग और तपस्या का प्रतीक है। वे धर्म की रक्षा और मानवता को सत्य, अहिंसा और आत्म-अनुशासन का संदेश देते हैं।

कुंभ मेले में नागा साधुः कहां से आते हैं ?

कुंभ मेले में नागा साधुओं का प्रवेश विशेष महत्व रखता है। वे अखाड़ों (धार्मिक संप्रदायों) के सदस्य होते हैं। भारत के विभिन्न हिस्सों से कुंभ में आने वाले ये साधु पर्व के शुभ अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर पवित्रता प्राप्त करते हैं। उनका सामूहिक शाही स्नान कुंभ का प्रमुख आकर्षण होता है, जो शक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।

दीक्षा प्रक्रियाः नागा साधु कैसे बनते हैं ?

नागा साधु बनने की प्रक्रिया कठोर और अनुशासित होती है। इसमें व्यक्ति को अपना सांसारिक जीवन, परिवार और सभी भौतिक सुखों को त्यागना पड़ता है।

1. दीक्षाः इच्छुक व्यक्ति को किसी अखाड़े से दीक्षा लेनी होती है।
2. गुरु-शिष्य परंपराः साधना के दौरान गुरु के मार्गदर्शन में योग, ध्यान और तपस्या सीखते हैं।
3. सांसारिक त्यागः सांसारिक वस्त्रों और वस्तुओं का परित्याग किया जाता है।
4. कठोर जीवनशैलीः कठोर साधना, ब्रह्मचर्य पालन और वैराग्य का अभ्यास करते हैं।
5. दीक्षा संस्कारः दीक्षा संस्कार के बाद व्यक्ति नागा साधु के रूप में स्वीकृत होता है।

कुभ के बाद नागा साधु कहां जाते हैं?

कुंभ समाप्त होने के बाद, नागा साधु अपने अखाड़ों या हिमालय के दुर्गम क्षेत्रों में तपस्या करने लौट जाते हैं। कुछ साधु विभिन्न धार्मिक स्थलों पर धर्म प्रचार और साधना में व्यस्त रहते हैं।

नागा साधुओं से सीखने योग्य बातें

नागा साधुओं का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हो सकता है। उनकी जीवनशैली से हम कई महत्वपूर्ण बातें सीख सकते हैं:

1. त्याग और अनुशासनः भौतिकता से परे अनुशासित जीवन जीने का महत्व।
2. आत्म-नियंत्रणः इच्छाओं और आवेगों पर नियंत्रण।
3. धैर्य और सहनशीलताः कठिनाइयों का सामना धैर्यपूर्वक करने की क्षमता।
4. आध्यात्मिक जागृतिः अपने जीवन के उच्च उद्देश्य को पहचानना।
5. प्रकृति से जुड़ावः पर्यावरण और प्रकृति के प्रति सम्मान।

**युवा पीढ़ी के लिए संदेश**

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां युवा भौतिक सुखों और तकनीकी की चकाचौंध में उलझे हुए हैं, नागा साधुओं का जीवन सादगी, धैर्य और आत्मशांति की प्रेरणा देता है। उनका संदेश है कि भौतिकता के स्थान पर आंतरिक शांति और आत्म-उन्नति को प्राथमिकता दी जाए।

**भारत की धरोहर का सम्मान करें**

कुंभ 2025 का आयोजन न केवल नागा साधुओं के दर्शन का अवसर है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक धरोहर का सम्मान और मूल्यांकन करने का भी समय है। नागा साधुओं का जीवन त्याग और तपस्या का प्रतीक है, जो हमें यह सिखाता है कि सच्ची संतुष्टि बाहरी दुनिया में नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में छिपी है। युवाओं को यह समझने की जरूरत है कि आध्यात्मिकता और वैराग्य भौतिकता का त्याग नहीं, बल्कि जीवन को उच्च उद्देश्य की ओर ले जाने का माध्यम है। कुंभ जैसे महोत्सव हमें अपनी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। नागा साधुओं की तपस्या, उनकी जीवनशैली और उनका अनुशासन आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य प्रेरणा है।

# माता पिता ही आपके असली भगवान

**संजय गोस्वामी**

**महाकुम्भ मेला,2025 प्रयागराज में** बाबा अभय सिंह का नाम चर्चा का विषय बन गया है अभय सिंह उर्फ. पूर्व छात्र आईआईटी बाबा कनाडा में भी नौकरी करके आए, वहां इन्हें साल का 36 लाख का पैकेज था मगर इन्होंने उसे छोड़ दिया, यही नहीं इन्होंने स्वयं कबूला है कि इनकी 4 साल तक एक गर्ल फ्रेंड भी रही है, यह दारू, सिगरेट सब कुछ पीते थे, इनका शादी से भरोसा इसलिए उठा क्योंकि इनके पेरेंट्स आपस में लड़ाई करते थे जबहर जगह दुनिया से भरोसा उठा तो अभय सिंह ने संन्यास का मार्ग अपना लिया और ईश्वर की खोज में निकल पड़े। भी आई आई टी रूडकी का पूर्व छात्र हूँ और माया के बंधन से निकल कर कुछ दिन शांति कुंज में बिताये लेकिन जब अंतर्यामी परमात्मा ने कहा उनका रो रो कर बुरा हाल हो गया है और वापस जाओ क्योंकि यदि ऐसा नहीं करते तो माता पिता का भरोसा गुरू के प्रति उठ जायेगा अतः वापस आना पड़ा और शादी भी हुई और सही में शांति नहीं मिली जो सुखद अनुभूति गुरू के ध्यान में मिला वैसी अनुभूति नहीं मिली पैसा घर सम्पूर्ण सजोये गए सामान का एक दिन नाश होना तय है तो सच्चा धन तो भगवान श्री राम के चरणों में है अतः मैं उनके इस बात से मैं सहमत नहीं हूँ कि माता पिता की बात को नहीं मानना चाहिए माँ जो अपने कोख में बच्चे को 9महीने तक रखती है और पिता अपने पुत्र को पढ़ाता लिखाता है अतः माता पिता ही आपके भगवान है जो भगवान श्री राम से प्रेरणा लेनी चाहिए भगवान श्री राम को 14वर्ष के वनवास का आदेश अपने पिता राजा दशरत से मिला और ऐ तो किसी भी पुत्र के लिए पिता के प्रति घोर नाराजगी होनी चाहिए लेकिन भगवान श्री राम ने सहर्ष स्वीकार किया औ? अहंकारी रावण के घमंड को चकनाचूर कर दिया रावण को भय उसके कुकर्म के कारण हुआ धर्म और पाप का अंतर जानना हो तो आपके ही अंतःकरण से बड़े अन्य किसी प्रमाण की अवश्यकता ही नहीं। धर्म आत्मबल बढ़ाता है, पाप आत्मबल क्षीण कर देता है।

रावण, सोने की लंका का राजा, प्रकाण्ड विद्वान, महाबली, मायावी, देवता भी जिसके भय से अपने पत्नी बच्चे छोड़कर पहाड़ों की गुफाओं में जा छिपते थे, आज सीता जी को उठा ले जा रहा है, पर हालत क्या है? थर थर काँप रहा है, बार बार दाँए बाँए देखता है, पसीना छूट रहा है, तुरंत लंका पहुँच जाना चाहता है।

जबकि सीता जी के पास कुछ नहीं है, न राम, न लक्ष्मण, न कोई और, अकेली हैं। धनबल, तनबल, सैन्यबल, कुछ भी नहीं है। कोई अस्त्र भी नहीं है, कोई रक्षक नहीं है। फिर भी निर्भयता का परिचय दे रही हैं। सीता जी ने भगवान को याद किया, और रावण को ललकारा।

**रुक रुक! ठहर दुष्ट! अभी भगवान आ ही रहे हैं।**

रावण इतना डर गया है कि उससे रथ तक नहीं हांका जा रहा है। सोचता है कि कहीं राम आ न जाएँ, जितनी जल्दी हो सके भागूँ यहाँ से। बस यही चरित्रशीलता और चरित्रहीनता में अंतर है।

चरित्रहीनता दुर्बल बना देती है। चाहे कुछ भी हो, सब कुछ ही क्यों न हो, चरित्र न हो, तो कुछ भी नहीं है। कुछ भी न हो, पर चरित्र हो, तो सब है।और रावण तो इतना अधिक भय खा रहा है, कि उसे अपना पिछला कुकर्म भी याद आ रहा है, जब उसने अपने भाई कुबेर की ही पुत्रवधु का बलात्कार करने का प्रयास किया था, और वह श्रापग्रस्त हो गया था, कि भविष्य में किसी स्त्री को पाप दृष्टि से छुएगा भी, तो उसके सिर के सौ टुकड़े हो जाएँगे। यही कारण है कि उसकी सीता जी को छूने तक की हिम्मत नहीं हो रही। जिस कर्म को करते हुए हमारा आत्मबल क्षीण मालूम पड़े, उस कर्म को पापकर्म जानकर उसका विचार तक त्याग देना चाहिए। अतः कुछ ऐसे लोगों से हमेशा बचना चाहिए जो शराब सिगरेट, मांस का सेवन करते है क्योंकि उनकी मानसिकता भी उसी खान पान के वजह से विकृत हो चुकी होगी और वो अपने अहंकार में आपको कुछ भी बोल सकता है लेकिन आप शांति से काम लें और जब लगे सर पानी से ऊपर बह रहा है तो भगवान श्री राम का ध्यान करें भगवान श्री राम सिर्फ भगवान ही नहीं है बल्कि एक अच्छा मित्र भी हैं जो आपको बिलकुल सही मार्गदर्शन देंगे उन्होंने कभी अपने को भगवान नहीं कहा लेकिन उनके कर्म ही भगवान का दर्जा देता है जो स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष भी उन्हें ईश्वर का रूप मानते हैं।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आपको अपने बच्चों के काम से काफी इधर-उधर जाना पड़ सकता है। | **तुला** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सम्मान से भरा होगा। |
| **वृषभ** आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। पैसों के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा। | **वृश्चिक** आज करियर में लाभ होगा और आपको सामाजिक कार्य करने का मौका मिलेगा। |
| **मिथुन** दिन सफलता से भरा रहेगा। आपकी कोई खोई हुई चीज आपको वापस मिल सकती है। | **धनु** आज शुभ है और आपको करियर में लाभ होगा। रुका हुआ काम पूरा होने से मन प्रसन्न होगा। |
| **कर्क** आज भाग्य का साथ मिलेगा। पूरा दिन आनंद में बीतेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। | **मकर** आज दिन मिलाजुला रहेगा और करियर के मामले में आपको लाभ होगा। |
| **सिंह** आज दिन शुभ है और आपके घर में पूरा दिन काफी खुशी का माहौल रहेगा। | **कुंभ** करियर-कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। दिन की शुरुआत में थोड़ा काम करना पड़ेगा। |
| **कन्या** आज दिन शुभ है और किस्मत आपका साथ दे रही है। दिन लाभदायक रहेगा। | **मीन** दिन मिलाजुला रहेगा। किसी सौदे या लेन-देन की चिंता न करें। बढ़ते खर्च पर नियंत्रण करें। |

## विशेष

### उमर को पकड़ा दिया पूर्ण राज्य बनाने का झुनझुना

**जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री** उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े। उमर अब्दुल्ला द्वारा जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की गई। उसको लेकर जम्मू- कश्मीर और लद्दाख के साथ-साथ देश के सभी राज्यों में आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गेम प्लान में बाहर निकलना बड़ा मुश्किल होता है। सूत्रों से जो खबरें बाहर आ रही हैं। उसमें कहा जा रहा है। नरेंद्र मोदी ने जेड मोड सुरंग के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री को कह दिया, वह जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा दे देंगे। अब्दुल्ला केंद्र सरकार के सहयोगी बने। फिर क्या था, उमर अब्दुल्ला गदगद हो गए। उन्होंने खुले मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर दी। जो सपना मोदी जी ने अब्दुल्ला को दिखाया है। वह कब पूरा होगा, यह कहना मुश्किल है। जो मोदी चाहते थे,वह अब्दुल्ला ने कर दिया। भविष्य किसने देखा है।

### डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत

**डॉलर के मुकाबले रुपए की** गिरावट लगातार बढ़ती जा रही है। डॉलर मुकाबले रुपए की कीमत 87 रुपए तक पहुंच गई है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय डॉलर की कीमत रुपए के मुकाबले 58 रुपए पर पहुंची थी। तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल थे। तब रुपए की कीमत को गिरने से देश की इज्जत से जोड़ते थे। अब डॉलर के मुकाबले रुपए का मूल्य 87 रुपए पर पहुंच गया है। 2013 के वही बयान वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गले में फांस की तरह गड रहे हैं। अब मोदी को समझ नहीं आ रहा है। डॉलर के मुकाबले वह रुपए को गिरने से कैसे रोके।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1597 मेवाड़ के महाराणा प्रताप का निधन. 1649 इंग्लैंड नरेश चार्ल्स प्रथम के खिलाफ मुकदमा शुरू हुआ था. 1736-स्काटिश आविष्कारक जेम्स वाट का जन्म. 1795 फ्रांसीसी फौजों ने हालैंड को तबाह किया. 1809 लेखक एडगर एलन पो का जन्म. 1812 बेलिंगटन के ड्यूक के नेतृत्व में स्पेन में कई महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा किया. 1918 बोलेविको ने पेट्रोगाड स्थित संविधान सभा को भंग कर दिया. 1938 जनरल फ्रांसिस्को फ्रेंको के समर्थक सैनिकों ने बासीलीना और वेलेसिया शहरों पर बमबारी की जिससे 700 व्यक्ति मारे गए. 1956 सूडान अरब लीग का नौंवा सदस्य बना. 1960 अमरीका और जापान के बीच आपसी सुरक्षा समझौता हुआ. 1974 चीन ने सोवियत संघ के एक राजनयिक सहित पांच लोगों को जासूसी के आरोप में देश से निष्कासित कर दिया. 1992 इसरायल के प्रधानमंत्री चितजाक मीर की मिली-जुली सरकार ने संसद में बहुमत खो दिया.

## दैनिक पंचांग

**19 जनवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.24 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कुंभ | 08.15 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मीन | 09.47 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.18 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृष | 12.58 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | मिथुन | 14.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.10 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 19.26 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 21.38 बजे से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | तुला | 23.48 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.03 ब.से |
| | | धनु | 04.19 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 19 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 07.31 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 17.30 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 01.57 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 07.31 बजे तदनन्तर गर 20.43 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 20'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872229
**जूलियन दिन** 2460694.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रज्जब
**तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# दुबई में चाहिए नौकरी तो इन चीजों की तैयारी करना अभी से कर दें शुरू

**दुबई में नौकरी करने का सपना कई लोगों का होता है। हालांकि यहां नौकरी पाने के लिए आपको कुछ चीजों के बारे में जान लेना चाहिए।**

ज्यादातर लोग अपने करियर के किसी ना किसी पड़ाव पर विदेश जाकर नौकरी करने का सोचते हैं। विदेश में नौकरी करना कई लोगों का सपना होता है। खासकर भारत से दुबई जाने में ज्यादा खर्च नहीं आता है। यह भी एक कारण है जिसके वजह से लोग दुबई जाकर नौकरी करते है। अगर आप भी दुबई में नौकरी करने का प्लान कर रहे हैं तो इन चीजों के बारे में जान लें।

## अंग्रेजी सीख लें

अगर आपको दुबई में नौकरी करना है तो आपकी अंग्रेजी ठीक होनी चाहिए। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक नहीं है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती हैं। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक है तो आपको आसानी से किसी भी पोस्ट की नौकरी मिल जाएगी।

## कम्युनिकेशन स्किल्स

आपको अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं। अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छा है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। दुबई में अच्छी नौकरी के साथ आपको काफी अच्छा सैलरी भी दी जाती हैं।

### दुबई में नौकरी कैसे ढूंढें

- कई लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दुबई में नौकरी की तलाश कैसे करनी हैं। अगर आपको दुबई में नौकरी चाहिए तो आपको LinkedIn की मदद से नौकरी की तलाश करना चाहिए।
- इसके अलावा आप चाहे तो Indeed की मदद से भी नौकरी मिल सकती हैं।
- जब तक आपको नौकरी नहीं मिलती हैं तब तक आप टूरिस्ट वीजा पर दुबई जाकर नौकरी की तलाश कर सकते हैं।



# युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर है बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री

**बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री उन युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर साबित होता है जो अच्छी नौकरी और बेहतर लाइफस्टाइल के नवीन अवसरों व स्किल्ड जॉब्स की तलाश में रहते हैं।**

सभी लोग एजुकेशन के बाद अच्छी नौकरी, वेतन और करियर के साथ बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसके लिए छात्र देश से लेकर विदेश तक जाकर पढ़ाई भी जमकर करते हैं। क्योंकि जितनी अच्छी नौकरी होगी, उतना अच्छा जीवन होगा। अच्छे करियर के लिए ज्यादातर स्टूडेंट्स साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या मैथमेटिक्स स्ट्रीम को चुनते है। इसकी एक सबसे बड़ी वजह है कन्वेंशनल इंजीनियरिंग डिग्री में सभी तरह के इम्पोर्टेन्ट अध्यन का न मिल पाना। इसी अपूर्ण को पूर्ण करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सो के माध्यम से स्टूडेंट्स को बीवोक कोर्स कराता है। जिस से सभी स्टूडेंट्स अपने स्किल को डेवलप कर अपना करियर बना सकें।

## क्या है बीवोक कोर्स

यह एक तीन साल का डिग्री कोर्स होता है, जिसे विभिन्न विषयों जैसे होटल मैनेजमेंट, मेटल कन्स्ट्रक्शन, उद्यमिता विकास, हेल्थकेयर में स्किल डेवलप कराया जाता है। इसका का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है और छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ विभिन्न आधुनिक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना है। इससे युवा अपने भीतर छिपे हुए हुनर को विकसित कर पाएंगे।

## बीवोक कोर्स करने की योग्यता

यह कोर्स आप 10वीं के बाद भी कर सकते हैं, बशर्ते आपको दसवीं के बाद 2 साल की आईटीआई का कोर्स करना होगा, उसके बाद आप वोकेशन कोर्स कर सकते है। वहीं अगर आप 12वीं के बाद करना चाहते हैं, लेकिन कुछ सब्जेक्ट्स के लिए आपकी स्ट्रीम उस सब्जेक्ट से संबंधित होनी चाहिए। वोकेशन कोर्स की एडमिशन हर साल होता है, इसके लिए आपको इंटर्नशिप एग्जाम देना आवश्यक है। इंटर्न्स एग्जाम पास होने वाले स्टूडेंट्स का ही एडमिशन लिया जाता है। इस कोर्स में 3 साल में 6 सेमेस्टर होते है और हर सेमेस्टर में आपका एग्जाम होता है तथा आपको हर सेमेस्टर में एग्जाम पास करने के बाद आपको सर्टिफिकेट दिया जाता है। अगर आप किसी कारणवश पहले साल में इस कोर्स को छोड़ देते है तो आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट भी मिलता है। वहीं तीनों साल को पूरा करेंगे तो आपको ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त होगी।

## बीवोक कोर्स क्यों करें

आज के समय में छात्र अपनी स्किल डेवलप करने वाले कोर्स करने के लिए विदेश जाते हैं, क्योंकि वहां जो भी पढ़ाई होता है स्किल बेस्ड होता है। हमारे देश की सबसे बड़ी कमी है कि हम जो भी पढ़ाई करते हैं उसमें हमें जरूरी स्किल नहीं मिल पाता है। इस कमी को पूरा करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सेज के जरिए बच्चों को स्किल्ट्रेनिंग प्रदान करना चाहती है जिससे सभी विद्यार्थी एक बेहतर भविष्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो पाए।

## बीवोक कोर्स कैसे करे

आज का समय बीवोक कोर्स का है। क्योंकि एक समान होटल मैनेजमेंट या सामान्य इंजीनियरिंग की डिग्री इतनी वैल्यू नहीं रखती जितनी एक बीवोक डिग्री होती है। इसका कारण है, इसमें पढ़ाई के साथ-साथ आप स्किल्स भी सीख लेते हैं। इसमें आप विभिन्न सब्जेक्ट जैसे कि हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, आर्ट्स, कॉमर्स, डेयरी फार्मिंग कोर्स कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल कोर्सेज जैसे मेडी कंस्ट्रक्शन और टेक्नीशियन जैसे कोर्स भी होते हैं। इसमें छात्रों को बेहतर ट्रेनिंग के लिए मशीन दी जाती है। हर छात्र काम की बारीकी को अच्छे से समझ सके इसके लिए स्विस ट्रेनर की निगरानी में हर छात्र को व्यक्तिगत तौर पर मशीन पर ट्रेनिंग दी जाती है। हर वर्ष छात्र को 6 महीने यूनिवर्सिटी में और बाकी 6 महीने इंडस्ट्री में ट्रेनिंग दी जाती है।

## बीवोक कोर्स के बाद सैलरी

सभी चाहते हैं कि पढ़ाई पूरी होने के बाद एक अच्छी सैलरी वाली नौकरी मिले। वोकेशनल कोर्स करने के बाद आप किसी भी कंपनी में फ्रेशर के तौर पर 20,000 से 30,000 से नौकरी शुरू कर सकते हैं। जिसके बाद आप अनुभव व अपने स्किल के साथ आगे बढ़ सकते हैं।



### मुख्य संस्थान

- एसएमएस, लखनऊ
- एचआईएमसीएस, मथुरा
- एचआईटीएस, चेन्नई
- जैन यूनिवर्सिटी, बंगलौर
- पारूल यूनिवर्सिटी



# आप भी बन सकते हैं बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर

**इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (आईबीपीएस) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करता है।**

इस परीक्षा में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। फिर रिटन एग्जाम और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होती है। इस परीक्षा का प्रश्नपत्र 4 भागों में बंटा होता है : रीजनिंग, इंग्लिश लैंग्वेज, प्रोफेशनल नॉलेज तथा बैंकिंग के विशेष संदर्भ में जनरल अवेयरनेस (केवल लॉ ऑफिसर स्केल 1 व 2 तथा राजभाषा अधिकारी हेतु)/ क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड (अन्य सभी स्पेशलाइजेशंस हेतु)। चलिए, जानते हैं कि इन सेक्शंस में किस तरह अच्छा स्कोर किया जा सकता है।

## इंग्लिश लैंग्वेज

यह इस परीक्षा का सबसे स्कोरिंग सेक्शन है। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ग्रामर तथा लैंग्वेज पर अच्छी पकड़ जरूरी होती है। आपके ग्रामर संबंधी कॉन्सेप्ट बिल्कुल स्पष्ट होने चाहिए। साथ ही आपकी वोकैब्युलरी भी मजबूत होनी चाहिए। इस सेक्शन में आम तौर पर पैसेज बेस्ड क्वेश्चन, कॉमन एरर इन सेंटेंस, रैपिड फिलर, क्लोज टेस्ट, एंटॉनिम्स एंड सिनॉनिम्स शामिल होते हैं।

## क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड

इस सेक्शन के प्रश्नों को हल करने के लिए उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल किए गए सभी टॉपिक्स के बेसिक कॉन्सेप्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ ही इस सेक्शन में स्पीड भी महत्वपूर्ण होती है। ध्यान रहे, इस सेक्शन में कोई भी प्रश्न छोड़ें नहीं। इसकी तैयारी के दौरान किसी भी टाइप के प्रश्न को कम न आंकें। यह कभी नहीं कहा जा सकता कि किस साल किस टाइप के प्रश्नों को इस परीक्षा में ज्यादा महत्व मिल जाए। इसमें आम तौर पर नंबर सिस्टम, रेश्यो, प्रॉफिट-लॉस एंड डिस्काउंट, पर्सेंटेज, एवरेज, डेटा इंटरप्रिटेशन, टाइम एंड वर्क आदि से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डेटा इंटरप्रिटेशन के प्रश्नों पर अधकि जोर देता है।

## रीजनिंग एप्टिट्यूड

रीजनिंग सेक्शन की तैयारी के लिए मानसिक सतर्कता और लॉजिकल स्किल जरूरी है। इस सेक्शन में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति समझने के लिए मॉडल पेपर तथा पिछले वर्षों के पेपर हल करें। इसमें वर्बल एंड नॉन-वर्बल रीजनिंग के टॉपिक शामिल होते हैं, जैसे एनालॉजी, इनपुट-आउटपुट, क्लासिफिकेशन, इंफेरेंस आदि।

## प्रोफेशनल नॉलेज

यह आपको अपना कंफर्ट जोन लग सकता है क्योंकि इसमें आपकी स्ट्रीम या स्पेशलाइजेशन से संबंधित प्रश्न ही पूछे जाएंगे। यहां भी आपके बेसिक कॉन्सेप्ट क्लियर होने से आप फायदे में रहेंगे।

## जनरल अवेयरनेस

जनरल अवेयरनेस सेक्शन की तैयारी के लिए तो आपको लगातार समसामयिक घटनाओं से अपडेटेड रहना होगा। नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहें। साथ ही बैंकिंग संबंधी ताजा घटनाक्रम पर नजर रखें।



# टेलीमार्केटर्स के लिए जरूरी है अच्छी टेली मार्केटिंग स्किल

**एक टेलीमार्केटर वह शख्स है जो कि फोन पर किसी उत्पाद या सेवा को बेचने के लिए जिम्मेदार होता है। टेलीमार्केटर्स प्राइवेट ऑफिस, कॉल सेंटर या घर से भी काम कर सकते हैं। चूंकि टेलीमार्केटर्स अपने ग्राहकों से फेस-टू-फेस नहीं मिलते हैं इसलिए अच्छी टेली मार्केटिंग स्किल होना बहुत जरूरी है। अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए**

जो आप बेच रहे हैं उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। आपको इस बात की अच्छी समझ होनी चाहिए कि यह क्या है, कैसे काम करता है और किस तरह से संभावित ग्राहकों के लिए उपयोगी है। इसके अलावा, जो आप बेच रहे हैं उसे लेकर आपमें विश्वास होना जरूरी है।

जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहे हैं उसके बारे में पूरी जानकारी रखें। एक अच्छा टेलीमार्केटर केवल उत्पाद या सेवा नहीं बेचता बल्कि वह कंपनी का भी प्रतिनिधित्व करता है। आपको यह बताने योग्य होना चाहिए कि ग्राहकों को उनके प्रतिद्वंदियों की बजाए उन्हें क्यों चुनना चाहिए। कंपनी का इतिहास, उसकी सोच, मिशन, ग्राहकों के रिव्यूज और इंडस्ट्री रेटिंग्स पता होना चाहिए। आप यह समझें कि सेल्स प्रोसेस क्या है। इसमें क्लोजिंग पेपरवर्क, बिलिंग, शिपिंग, रिफंड/रिटर्न पॉलिसी, कस्टमर सर्पोट और उन्हें जरूरी फॉलोअप शामिल है। अपनी स्क्रिप्ट की प्रैक्टिस कर लें। जब तक आप इसमें सहज न हो जाएं इसे तेज पढ़े।

## कॉन्फिडेंस दिखाएं

एक अच्छा टेलीमार्केटर अधिकार से बोलता है जिससे ग्राहकों के दिमाग में बात अच्छे से चले जाती है। अगर आपकी तैयारी पूरी है तब आपको आपके कॉल करने और आपकी कंपनी के बारे में विश्वास के साथ बात करना चाहिए।

## प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स

धीरे लेकिन तेज और साफ बोले ताकि आपके कस्टमर को बात आसानी से समझ आ जाएं। बुदबुदाएं नहीं। अपना परिचय दें और बातचीत में जितनी जल्दी हो सके कॉल का मकसद बताएं। रूके और आगे बढ़ने के लिए उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार करें। बहुत ज्यादा या बहुत कम बोलने से बचे बल्कि संतुलित वार्तालाप करें। बहुत ज्यादा फिलर्स का उपयोग करने से बचें।

## सपाट न हो टोन

टेलीमार्केटिंग में स्क्रिप्ट्स बहुत आम बात है विशेषकर कॉल सेंटर के माहौल में। लेकिन यह संभव है कि आप उस तरह बोले कि ऐसा न लगे कि आप पेपर से पढ़कर बोल रहे हैं। धीरे-धीरे सांस लें और कॉल करने से पहले रिलेक्स हो जाएं।

## पॉजिटिव मेंटल एटिट्यूड

याद रखे कि कुछ लोग आपका कॉल एक्सपेक्ट नहीं कर रहे होंगे और इसके लिए ग्रहणशील न हो। इसमें कोई नई बात नहीं है कि आपकी बात में एक रूचि लेने वाले ग्राहक के पहले कई ग्राहक अच्छे टेलीमार्केटर को भी रिजेक्ट कर देंगे।

संक्षिप्त समाचार

## अब नहीं बढ़ेगा आपके मोबाइल का बिल!

- जियो-एयरटेल का वर्चस्व तोड़ने के लिए सरकार ने बनाया मास्टर प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार टेलिकॉम सेक्टर में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सरकार एजीआर बकाये पर टेलिकॉम कंपनियों को बड़ी राहत दे सकती है। इसका सबसे ज्यादा फायदा कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया को होगा। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल जैसी दूरसंचार कंपनियों पर सरकार का भारी बकाया है। इसमें ब्याज और जुर्माने का एक बड़ा हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक सरकार 50 प्रतिशत ब्याज और 100 प्रतिशत जुर्माना तथा जुर्माने पर ब्याज



माफ करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अगर इसे लागू किया जाता है तो यह भारत में टेलिकॉम बिजनस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। साथ ही इससे टेलिकॉम सेक्टर में दो बड़ी प्राइवेट कंपनियों के दबदबे को चुनौती मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि अगर इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है तो टेलिकॉम कंपनियों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय राहत मिलेगी। इसमें सबसे ज्यादा फायदा वोडाफोन आइडिया को मिलेगा। इस कंपनी पर सरकार का हजारों करोड़ रुपया बकाया है। प्रस्तावित राहत के तहत वोडाफोन आइडिया का एजीआर बकाया 52,000 करोड़ रुपये से अधिक कम हो सकता है। वित्तीय रूप से मजबूत भारती एयरटेल को करीब 38,000 करोड़ रुपये और टाटा टेलीसर्विसेज को 14,000 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। रिलायंस जियो पर कोई एजीआर बकाया नहीं है। टाटा टेली अब रिटेल सर्विसेज नहीं देती है बल्कि एंटरप्राइजेज मोबिलिटी सर्विसेज देती है।

### बजट में हो सकती है घोषणा

एक सूत्र ने कहा कि इस प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और कैबिनेट सचिवालय सहित उच्चतम स्तर पर चर्चा की जा रही है। सरकार 1 फरवरी के बजट में इस उपाय की घोषणा करने के लिए काम कर रही है।

## 23 जनवरी को इरेडा की होगी बड़ी मीटिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इरेडा की तरफ से बड़ी जानकारी सामने आ रही है। कंपनी ने बताया है कि 23 जनवरी 2025 को बोर्ड की मीटिंग होगी। इसी मीटिंग में कंपनी फंड जुटाने का प्रस्ताव बोर्ड के सामने पेश करेगी और अप्रूवल लेगी। नवरत्न पीएसयू कंपनी इरेडा क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट के जरिए पैसा जुटाने का प्रयास करेगी। इस खबर के सामने आने के बाद अब सोमवार को कंपनी के शेयर फोकस में रहेंगे। अगले हफ्ते के पहले कारोबारी दिन को कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। रिन्यूएबल एनर्जी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली कंपनी इरेडा ने स्टॉक मार्केट को दी जानकारी में कहा है, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड की बोर्ड की मीटिंग 23 जनवरी 2025, दिन गुरुवार को प्रस्तावित है। यह फंड क्यूआईपी के जरिए जुटाने का प्रयास किया जाएगा। जिसपर बोर्ड की परमिशन चाहिए।
**मल्टीबैगर रिटर्न देने में सफल रहा है इरेडा**–इरेडा का आईपीओ उन कुछ चुनिंदा कंपनियों के आईपीओ में से एक है जिसने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इरेडा का आईपीओ नवंबर 2023 में आया था।

# आरबीआई: खाद्य महंगाई पर नजर रखने की जरूरत

## बेहतर कृषि संभावनाओं से समर्थित ग्रामीण मांग में लगातार तेजी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू मांग के मजबूत होने से देश की आर्थिक वृद्धि फिर से बढ़ने की ओर अग्रसर है। हालांकि, खाद्य महंगाई पर निगरानी की जरूरत है। आरबीआई ने बुलेटिन में कहा, 2025 के लिए आर्थिक दृष्टिकोण अलग-अलग देशों में भिन्न हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की गति धीमी है।यूरोप व जापान में मामूली सुधार हो रहा है।

आर्थिक गतिविधियों वाले उच्च संकेत कों में तेजी

बुलेटिन के अनुसार, 2024-25 की दूसरी छमाही में देश की आर्थिक गतिविधियों वाले उच्च संकेतकों में तेजी आई है। यह तेजी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले वार्षिक अग्रिम अनुमानों में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि में भी दिखी है। दिसंबर में लगातार दूसरे महीने महंगाई में कमी आई है। देखा जाए तो ग्रामीण मांग में तेजी जारी है जो बेहतर कृषि संभावनाओं से समर्थित है। बुनियादी ढांचे पर सार्वजनिक पूंजीगत खर्च में पुनरुद्धार से प्रमुख क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है। लेख में आरबीआई के विचार नहीं हैं। यह लेखकों के अपने विचार हैं।

### दिसंबर में आई थी कमी

दिसंबर में लगातार दूसरे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति में कमी आई, जिसका कारण सर्दियों में फलों और सब्जियों की अधिकता और उनकी कीमतों में कमी आना है। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा




द्वारा लिखे गए एक लेख में कहा गया है कि यह समय उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने और निवेश में तेजी लाने के लिए उपयुक्त है।

**दूसरी छमाही में मिले ये संकेत**– साथ ही इस लेख में यह भी कहा गया कि 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधि में तेजी के संकेत मिल रहे हैं, जो कि भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुमानों से भी साफ होता है। लेख में बताया गया कि कॉर्पोरेट भारत 2024-25 की पहली छमाही के मुकाबले तीसरी तिमाही में बेहतर राजस्व और आय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है।

इसके अलावा, निफ्टी 50 कंपनियों का शुद्ध लाभ तीन तिमाहियों में सबसे तेज़ बढ़ने की संभावना है। विशेष रूप से बैंकिंग, वित्त और बीमा कंपनियों से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। इसके अलावा, गैर-सूचीबद्ध कंपनियाँ भी तेज़ राजस्व वृद्धि के साथ अपनी सूचीबद्ध कंपनियों से आगे निकल सकती हैं।

## धोखाधड़ी-साइबर अपराध रोकने के लिए दो पहल, अब लेन-देन के लिए 1600 वाले नंबर से ही आएगी बैंक की कॉल

भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को ग्राहकों को लेन–देन संबंधी कॉल करने के लिए सिर्फ 1600 से शुरू होने वाली फोन नंबरिंग श्रृंखला का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। प्रचार उद्देश्यों में बैंक व विनियमित संस्थाएं वॉयस कॉल व एसएमएस के लिए सिर्फ 140 से शुरू होने वाली नंबरिंग श्रृंखला का ही इस्तेमाल करेंगी। वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के मकसद से यह कदम उठाया गया। रिजर्व बैंक ने परिपत्र में कहा कि अपराधी ग्राहक के मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। वॉयस कॉल व एसएमएस के जरिये भी धोखाधड़ी की घटनाएं हुई हैं।

### फर्जी फोन कॉल से बचाएगा संचार साथी

मोबाइल फोन पर आने वाली फर्जी कॉल व साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए दूरसंचार विभाग ने संचार साथी एप लॉन्च किया है। इसके जरिये साइबर धोखाधड़ी की सीधे रिपोर्ट कर सकेंगे। मोबाइल फोन खो जाने पर इसे इस एप की मदद से खोजा जा सकेगा। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को एप लॉन्च करते हुए कहा कि एप में हर ग्राहक की गोपनीयता व सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। 2023 में संचार साथी पोर्टल लॉन्च किया था, जो प्रभावी साबित हुआ है।

# नए प्रत्यक्ष कर कानून के लिए विधेयक पेश करने की तैयारी

### बजट सत्र में इसे पेश कर सकती हैं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

### अधिकारियों का कहना है कि इससे मुकदमेबाजी बढ़ सकती है




**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट सत्र में नए प्रत्यक्ष कर कानून के लिए विधेयक पेश करने वाली हैं। इसमें प्रावधानों को सरल बनाने, अनावश्यक प्रावधानों को हटाने और भाषा को आम आदमी के लिए अधिक अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि संशोधन का काम करने वाली समिति यह तय कर रही है कि 63 साल पुराने आयकर अधिनियम की जगह नया कानून दो भागों में होगा या तीन भागों में। हालांकि सरकार ने संकेत दिया था कि अधिकारियों के पैनल द्वारा मसौदा कानून को सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए जारी किया जाएगा। लेकिन सरकार ने ऐसे समय में एक कड़ा संदेश देने का फैसला किया है जब उसे जटिल कर कानूनों के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सरकार इस बारे में एक विधेयक पेश करेगी जिसे बाद में टैक्सपेयर्स और एक्सपर्ट्स से मिलने वाली प्रतिक्रिया के आधार पर संशोधित किया जा सकता है।

वित्त मंत्रालय और पीएमओ के अधिकारियों ने पिछले छह-आठ हफ्तों में पैनल के साथ मिलकर काम किया ताकि बजट पेश होने तक यह तैयार हो जाए। सीतारमण ने जुलाई के बजट में इसकी घोषणा की थी। माना जा रहा है कि वह 1 फरवरी को अपने बजट भाषण में इस कानून का उल्लेख कर सकती हैं। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि बिल को बजट सत्र के पहले भाग में पेश किया जाएगा या दूसरे भाग में।

**सरकार को क्या है डर**– 2010 में संसद में प्रत्यक्ष कर संहिता विधेयक पेश किए जाने के बाद से आयकर अधिनियम को नए सिरे से परिभाषित करने का यह कम से कम तीसरा प्रयास है। मोदी सरकार ने विशेषज्ञों का एक पैनल गठित किया था, जिनकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई और सिफारिशों को बड़े पैमाने पर स्वीकार नहीं किया गया। समिति को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि पुराने कानून से हजारों प्रावधानों को नए कानून में हटा दिया जाए। इस कानून में कई ऐसी धाराएं हैं जिन्हें पिछले कुछ वर्षों में आयकर अधिनियम से हटा दिए जाने के कारण अनावश्यक बना दिया गया है। एक सूत्र ने कहा कि आम आदमी के लिए भाषा को समझना मुश्किल हो सकता है और समिति को इसे यथासंभव सरल बनाने के लिए कहा गया है। लेकिन, सरकार प्रस्तावित कानून में नए मुद्दों को शामिल नहीं कर रही है, कम से कम फिलहाल तो नहीं। हालांकि अधिकारियों ने आगाह किया कि भाषा में बदलाव मुकदमेबाजी का कारण बन सकता है। इसकी वजह यह है कि टैक्सपेयर्स कई मामलों में नई व्याख्या चाहेंगे।

## नवरत्न डिफेंस स्टॉक पर फिदा हुए एक्सपर्ट, बोले खरीद लो, 360 रुपये तक जाएगा भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल काफी बुलिश है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि कंपनी के शेयरों का भाव आने वाले समय में बढ़ेगा। ऐसे में यह स्टॉक 360 रुपये के स्तर पर तक पहुंच सकता है। मोतीलाल ओसवाल का कहना है कि सरकारी कंपनी के शेयरों में 27.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की क्षमता है। बता दें, इस स्टॉक के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स को बाय टैग दिया है।
क्या कुछ कहा है ब्रोकरेज हाउस ने मोतीलाल ओसवाल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, कई बड़े प्लेटफॉर्म के ऑर्डर अगले 1 से 3 साल में फाइनल हो सकते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं डिफेंस कंपनी को इसका बड़ा फायदा मिलेगा। हमें उम्मीद है कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स का मार्केट शेयर आने वाले सालों में बढ़ेगा। यह डिफेंस सेक्टर के ग्रोथ से भी तेज गती से आगे बढ़ेगा। डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक मार्केट की लीडर बीईएल है। कंपनी के पास इस सेक्टर का 60 प्रतिशत मार्केट शेयर है। पूरे डिफेंस मार्केट में कंपनी ने लगातार अपना रेवन्यू सुधारा है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजों के साथ बीईएल ने 250 बिलियन रुपये के वर्क ऑर्डर का टारगेट सेट किया था। आज की तारीख में कंपनी के पास 100 बिलियन रुपये का काम मिल चुका है। कंपनी बचे 150 बिलियन रुपये के काम को आखिरी तिमाही तक हासिल करने की उम्मीद जता रही है। जिसमें प्रमुख तौर पर रडार, ईडब्ल्यू सूट, अतुल्या और शक्ति ईडब्ल्यू प्रोजेक्ट्स है। इन प्रोजेक्ट्स को लेकर बातचीत अपने अंतिम दौर में है। उम्मीद है कि इस छमाही के अंत तक इसे फाइनल कर लिया जाएगा।

# 51480 रुपये हो सकती है मिनिमम बेसिक सैलरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नए साल पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने 8वें वित्त आयोग के गठन की मंजूरी दे दी है। सरकारी कर्माचारियों और वेतनभोगी लम्बे समय से इसकी मांग कर रहे थे। आइए जानते हैं कि इस पे कमशिन के लागू होने का असर सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर कितना पड़ेगा। और इसे कब तक लागू किया जा सकता है।



यह 8वां वित्त आयोग केंद्र सरकार के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलने वाले पेंशन, भत्ता और सैलरी में बदलाव करेगा। जहां एक तरफ इसे पे कमीशन के लागू होने के बाद सरकारी कर्मचारियों की सैलरी बढ़ जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ महंगाई भत्ते को भी संशोधित किया जाएगा। बता दें, पे कमीशन केंद्र सरकार को सरकारी कर्माचारियों की सैलरी में संशोधन करने की सलाह देती है। यह प्रक्रिया हर 10 साल में किया जाता है।

**51480 रुपये हो सकती है मिनिमम बेसिक सैलरी**– सरकार की तरफ से भी यह नहीं बताया गया है कि कितने प्रतिशत की सैलरी बढ़ोतरी की जाएगी। हालांकि यह फिटमेंट फैक्टर से तय होता है। अलग-अलग रिपोर्ट्स के अनुसार 2.57 से 2.86 किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो फिटमेंट फैक्टर 2.86 के अनुसार मिनिमम बेसिक सैलरी 18000 रुपये से बढ़कर 51480 रुपये हो सकती है।

### क्या होता है फिटमेंट फैक्टर

पे कमीशन इसी फिटमेंट फैक्टर के जरिए सैलरी, पेंशन्स और भत्ते में संशोधन करती है। यही वो तरीका है जिससे सरकारी कर्माचरियों की सैलरी और पेंशन कैलकुलेट किया जाता है। इसमें मंहगाई, कर्माचरियों की आवश्यकता आदि फैक्टर शामिल रहते हैं। सरकार के 50 लाख कर्मचारियों को इस पे कमीशन का फायदा मिल सकता है। 60 लाख पेंशनर्स को भी इसका फायदा मिल सकता है।

# 300 के पार जाएगा मुकेश अंबानी का जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का शेयर!

### कंपनी ने जारी किए तिमाही नतीजे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 295 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था। तिमाही नतीजों में बड़े बदलाव नहीं होने के बावजूद शेयर को लेकर एक्सपर्ट बुलिश हैं। अनुमान है कि एक बार फिर यह शेयर 300 रुपये के स्तर को पार कर जाएगा।

### कंपनी की कुल आय

दिसंबर तिमाही में कुल आय बढ़कर 449 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 414 करोड़ थी। कुल खर्च में भी सालाना आधार पर वृद्धि देखी गई। यह बढ़कर 131 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 99 करोड़ रुपये था। दिसंबर को समाप्त नौ महीनों के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट मामूली रूप से सुधरकर 1,296 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 1,294 करोड़ रुपये था।

### शेयर का परफॉर्मेंस

बीते शुक्रवार को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर की बात करें तो 0.70 प्रतिशत बढ़कर 278.75 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 275.70 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया। अप्रैल 2024 में शेयर 394.70 रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

**शेयर का टारगेट प्राइस**– केआर चोकसी फिनसर्व ने जियो फाइनेंशियल सर्विस के शेयर के लिए 345 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। इस शेयर को होल्ड रेटिंग दी है। ब्रोकरेज ने कहा कि इसके कवरेज के तहत कंपनी के लिए संपत्ति की गुणवत्ता चिंताजनक रहने की संभावना है।

**कंपनी को मिलने वाली है गुड न्यूज**– जेएम फाइनेंशियल की रिपोर्ट के मुताबिक जियो फाइनेंशियल सर्विसेज निफ्टी50 इंडेक्स में एंट्री ले सकती है। इस बदलाव की घोषणा फरवरी 2025 में होने वाली है, जो 31 मार्च 2025 से प्रभावी होगी। अगर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को निफ्टी 50 में शामिल किया जाता है तो बड़े निवेश की संभावना है। अनुमान है कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को 356 मिलियन डॉलर का निवेश मिल सकता है। बता दें कि निफ्टी 50 में जियो फाइनेंशियल के अलावा जोमैटो के भी शामिल होने की उम्मीद है।

# चीनी रेलवे के साथ स्मॉल कैप कंपनी ने साइन किया एमओयू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आशापुर माइनकेम लिमिटेड ने शुक्रवार एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि उनकी ओवरसीज सब्सिडियरी चीनी रेलवे के साथ लॉन्ग टर्म एमओयू साइन किया है। दोनों कंपनियां मिलकर पश्चिम अफ्रीका के देश गुएना में प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। बता दें, शुक्रवार को आशापुर माइनकेम लिमिटेड के शेयरों में अपर सर्किट लगा था। 10 प्रतिशत की उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 519.65 रुपये पर बंद हुआ था। यह कंपनी का 52 वीक हाई है।



**किसके पास क्या रहेगी जिम्मेदारी**– डील के अनुसार चीनी रेलवे के पास बॉकसाइट का प्रोडक्शन और लॉजिस्टिक सॉल्यूशन देना होगा। वहीं, आशापुर सेल्स और मार्केटिंग की जिम्मेदारी संभालेगी। बीएसई पर दी जानकारी के अनुसार आशापुर टेक्निकल सपोर्ट और क्वालिटी चेकअप की भी जिम्मेदारी संभालेगी।

**शेयर बाजार में शानदार रहा है कंपनी का प्रदर्शन**– जहां एक तरफ दिग्गज कंपनियां पिछले 6 महीन के दौरान संघर्ष करती हुई नजर आ रही हैं। तो वहीं इस कंपनी ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। बीते 6 महीने में आशापुर माइनकेम लिमिटेड के शेयरों का भाव करीब 40 प्रतिशत बढ़ा है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। बता दें, बीते एक साल के दौरान कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 21 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। 2 साल इस स्मॉल कैप स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को कंपनी ने अबतक 454 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। वहीं, 3 साल में पोजीशनल निवेशकों को 300 प्रतिशत से अधिक का फायदा हुआ है। बता दें, 5 साल में स्टॉक का भाव 1400 प्रतिशत चढ़ा है।

## स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह की समाजवादी पार्टी की इस सांसद से होगी शादी, रिश्ता हुआ पक्का



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह का समाजवादी पार्टी की सांसद से रिश्ता पक्का हुआ है. रिंकू की मंगेतर समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज हैं. जल्द रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी हो सकती है. प्रिया के पिता ने हमारे सहयोगी चैनल तहक़ से बातचीत में इस बात को कन्फर्म किया है कि रोका हुआ है. दोनों आपस में एग्री थे. सगाई वगैरह की डेट बाद में तय की जाएगी. बातचीत अलीगढ़ में हुई.

यूपी टीम का इस समय लखनऊ में कैम्प चल रहा है. यूपी की टीम से जुड़े हुए एक खिलाड़ी ने भी नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि दोनों का रिश्ता पक्का हुआ है. 26 साल की सरोज ने 2024 के लोकसभा चुनाव में मछलीशहर सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी. उन्होंने बीपी सरोज को 35850 वोटों के अंतर से हराया था. प्रिया सरोज का जन्म 23 नवंबर 1998 को वाराणसी में हुआ था. प्रिया ने अपनी स्कूली शिक्षा नई दिल्ली स्थित एयर फोर्स गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट से पूरी की. इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से आर्ट्स में स्नातक किया. फिर उन्होंने नोएडा में एमिटी विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री हासिल की. प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज भी तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं. तूफानी सरोज फिलहाल केराकत सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक हैं.

## विराट कोहली हुए रणजी ट्रॉफी से बाहर? इस वजह से लिया बहुत बड़ा फैसला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में एक 10 पॉइंट्स पॉलिसी जारी की थी, जिसके तहत टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों के लिए डोमेस्टिक मैचों में खेलना अनिवार्य होगा. ऐसे में अटकलें थीं कि विराट रणजी ट्रॉफी में दिल्ली टीम को जॉइन कर सकते हैं. रणजी ट्रॉफी के अगले चरण के मैचों की शुरुआत 23 जनवरी से होगी. अब एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार विराट कोहली ने गर्दन में दर्द का हवाला देकर रणजी ट्रॉफी के अगले मैच से अपना नाम वापस ले लिया है.

कोहली ने मेडिकल स्टाफ को बता दिया है कि वो अभी तक गर्दन की समस्या से उबर नहीं पाए हैं. यह चोट उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान आई थी. बताते चलें कि 23 जनवरी से दिल्ली बनाम सौराष्ट्र मैच खेला जाएगा, जिसमें ऋषभ पंत के दिल्ली के लिए खेलने की पुष्टि पहले ही की जा चुकी है. दिल्ली और सौराष्ट्र ग्रुप डी में शामिल हैं. दिल्ली ने अभी टेबल में चौथे और सौराष्ट्र छठे स्थान पर है.

इंडिया ओपनः

# लंबी रैलियां मिलीं, मुझे और निरंतर होना होगा

### क्वार्टर फाइनल में हार के बाद बोलीं पीवी सिंधू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2022 की चैम्पियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यु की जोड़ी को महज 41 मिनट में 21-10, 21-17 से हरा दिया। इस जोड़ी का यह टूर पर लगातार तीसरा सेमीफाइनल है। यह जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और मलेशिया सुपर 1000 के अंतिम चार में पहुंची थी।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पेरिस कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से हारकर बाहर हो गईं, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर भारतीय उम्मीद कायम रखी। 2022 की चैम्पियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यु की जोड़ी को महज 41 मिनट में 21-10, 21-17 से हरा दिया। इस जोड़ी का यह टूर पर लगातार तीसरा सेमीफाइनल है। यह जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और मलेशिया सुपर 1000 के अंतिम चार में पहुंची थी।



**सिंधू ने दी जोरदार टक्कर-** महिला एकल में तुनजुंग ने अपने शानदार ड्रॉप शॉट का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शुरुआत में दबदबा बनाया और ब्रेक के समय 11-4 की बढ़त हासिल कर ली। सिंधू को अपने स्ट्रोक्स से जूझना पड़ा इसलिए यह गेम बहुत जल्दी खत्म हो गया। दूसरे गेम में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 6-2 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन सिंधू ने वापसी की और स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। तुनजुंग के वाइड शॉट ने सिंधू को ब्रेक के समय एक अंक की बढ़त दिला दी। सिंधू आक्रामक खेल से 14-10 तक पहुंच गईं लेकिन तुनजुंग ने वापसी की और स्कोर 14-14 से बराबर कर दिया। सिंधू ने संयम बनाये रखते हुए दो गेम प्वाइंट हासिल किए और इसे 21-19 से अपने नाम कर लिया।

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने जोरदार रैलियां खेलीं, लेकिन तुनजुंग ने 10-8 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि सिंधू ने ब्रेक के तुरंत बाद अंतर कम किया और अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। पर तुनजुंग 17-14 पर पहुंच गई। लेकिन सिंधू ड्रॉप और नेट शॉट से बराबरी पर पहुंच गईं। तुनजुंग ने फिर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और सिंधू के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ मैच जीत लिया।

### सिंधू ने मैच के बाद क्या कहा?

इससे पहले पूर्व चैंपियन सिंधू ने शुरुआती एकतरफा गेम हारने के बाद जोरदार वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में लड़खड़ा गईं और 62 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 9-21, 21-19, 17-21 से पराजित हो गईं। सिंधू ने मैच के बाद कहा, यह निश्चित रूप से दुखद है कि इतनी कड़े मुकाबले के बाद मैं तीसरे सेट में हार गई। लेकिन मुझे लगता है कि खेल ऐसा ही होता है। मुझे निश्चित रूप से मजबूत वापसी करनी थी, लेकिन उस समय कोई भी उस अंक को हासिल कर सकता था या इसे गंवा सकता था। उन्होंने कहा, मैच में लंबी रैलियां थीं। मुझे और अधिक निरंतर होना होगा। लेकिन कभी कभी ऐसा होता है।

करुण नायर की मेहनत बेकार

## चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं मिली जगह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी के लिए घोषित टीम इंडिया में विजय हजारे ट्रॉफी में धमाकेदार प्रदर्शन करने के बाद भी करुण नायर जगह नहीं बना पाए हैं। विजय हजारे ट्रॉफी की केवल 7 पारियों में 752 के अविश्वसनीय औसत से 752 रन बनाने वाले करुण नायर के बल्ले से इस दौरान पांच शतक और 1 अर्धशतक भी निकला था। उन्होंने विदर्भ को पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया लेकिन यह उनके काम नहीं आया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए घोषित टीम के दौरान उनका जिक्र तक नहीं गया। संभवतः उनपर श्रेयस अय्यर के कारण विचार नहीं किया गया जोकि बीते साल चार बड़ी ट्रॉफी जीतने के कारण चर्चा में आए थे।

● **श्रेयस अय्यर से हारे करुण नायर** – बीसीसीआई और चयनकर्ताओं ने हाल के दिनों में घरेलू क्रिकेट के महत्व पर जोर दिया है, लेकिन नायर के लिए वनडे टीम में जगह बनाना आसान नहीं था। बीसीसीआई सूत्र ने कहा कि अगर आपको 15 में करुण को चुनना हो तो आप किसे छोड़ेंगे? आप श्रेयस अय्यर जैसे किसी खिलाड़ी को नहीं छोड़ सकते, जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में 2023 एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में शतक बनाया और घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूपों में शानदार फॉर्म में हैं।

**बीते दिनों बोले थे- मेरा सपना हमेशा देश के लिए खेलना** – करुण ने विजय हजारे ट्रॉफी से पहले कहा था कि मेरा सपना हमेशा देश के लिए खेलना होता है। इसलिए, हां, सपना अभी भी जिंदा है। यही कारण है कि हम यह खेल खेलते हैं, अपने देश के लिए खेलना। इसलिए, मेरा एकमात्र लक्ष्य देश के लिए खेलना था। मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी वापसी है (हंसते हुए)।

# चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खराब फॉर्म से जूझ रहे सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ही चैंपियंस ट्रॉफी के मैदान टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। बीसीसीआई टीम इंडिया को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान के साथ टिकी हुई है। बीसीसीआई ने शनिवार दोहपर बाद एक बैठक में इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा कर दी। इसके लिए बीसीसीआई मुख्यालय में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ कप्तान रोहित शर्मा एक संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से शुरू होनी है जोकि 9 मार्च तक चलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम** – रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह। बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुना गया है।

**कौन नहीं है** – संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर टीम में नहीं है। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

**ए ग्रुप में है भारतीय टीम** –टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।



### आईसीसी मैंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शेड्यूल

19 फरवरी-पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड
20 फरवरी- भारत बनाम बांग्लादेश
21 फरवरी-अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका
22 फरवरी- ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड
23 फरवरी- भारत बनाम पाकिस्तान
24 फरवरी -बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड
25 फरवरी-ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ़्रीका
26 फरवरी-अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड
27 फरवरी- पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश
28 फरवरी- ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान
1 मार्च- इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
2 मार्च- भारत बनाम न्यूजीलैंड
4 मार्च- सेमीफाइनल 1 बनाम सेमीफाइनल
5 मार्च- सेमीफाइनल 2 बनाम सेमीफाइनल
9 मार्च- फाइनल (सभी मैच दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होंगे।)

### इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का शैड्यूल

पहला टी20- 22 जनवरी (कोलकाता)
दूसरा टी20-25 जनवरी (चेन्नई)
तीसरा टी20-28 जनवरी (राजकोट)
चौथा टी20- 31 जनवरी (पुणे)
पांचवां टी20- 2 फरवरी (वानखेड़े/मुंबई)

### टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

पाकिस्तान- वेस्टइंडीजः

# पाकिस्तान ने पहली पारी में बनाए 230 रन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला मुल्ताम में खेला जा रहा है। इस मैच की पहली पारी में पाकिस्तान की टीम 230 रन पर आउट हो गई और टीम के शीर्ष बल्लेबाज पूरी तरह से फेल रहे। इस मैच में पहले दिन लगभग दो सत्र के बाद खराब मौसम की वजह से टॉस किया गया था और पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था।

**रिजवान और शकील ने खेली अर्धशतकीय पारी** – वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में पाकिस्तान की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और टीम के शीर्ष 4 बल्लेबाज सिर्फ 46 रन के स्कोर पर ही आउट हो गए थे। इस मैच में पारी की शुरुआत करने आए कप्तान शान मसूद 11 रन पर जबकि मोहम्मद हुरैरा सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तीसरे नंबर पर खेलने आए टीम के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम भी सस्ते में निपट गए और वो 8 रन बनाकर आउट हुए जबकि चौथे नंबर पर बल्लेबाज करने आए कामरान गुलाम 5 रन बनाकर निपट गए।



**रिजवान-शकील के बीच हुए 141 रन की साझेदारी** – 46 रन पर 4 विकेट गिर जाने के बाद मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने पारी को संभाला और दोनों ने 5वें विकेट के लिए 141 रन की शतकीय साझेदारी कर ली। हालांकि इसके बाद शकील 84 रन जबकि रिजवान 71 रन बनाकर आउट हो गए। इनके आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए और पूरी टीम 230 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की तरफ से जेडन सील्स और वार्रिकान ने 3-3 विकेट लिए। केविन सिंक्लेयर को भी पहली पारी में दो अहम सफलता मिली। पाकिस्तान के लिए निचले क्रम पर पहली पारी में साजिद खान ने 17 रन की अच्छी पारी खेली।

सचिन के पास नहीं था बॉडीगार्ड...

## भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार कल्चर पर संजय मांजरेकर ने कसा तंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से भारतीय क्रिकेट टीम में उथल-पुथल मचा हुआ है। इसके साथ ही बीसीसीआई ने एक 10 सूत्री नियम लाकर टीम इंडिया के खिलाड़ियों पर शिकंजा कसने का काम कर दिया। बीसीसीआई के कुछ नियम ऐसे हैं कि सीनियर खिलाड़ियों को परेशानी हो सकती है। इसी को लेकर अब पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने स्टार खिलाड़ियों पर तंज कसा है। मांजरेकर ने बिना नाम लिए विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों पर निशाना साधा है। संजय मांजरेकर ने टीम इंडिया के हालिया प्रदर्शन पर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण देते हुए कहा, मास्टर ब्लास्टर एक बड़े स्टार होने के बावजूद हर जगह अपने बॉडीगार्ड के साथ नहीं जाते थे। भारतीय क्रिकेट टीम की मौजूदा कल्चर बॉलीवुड की तरह हो गया है। स्टार खिलाड़ी अपने बॉडीगार्ड के साथ चलते हैं।



ऑस्ट्रेलियन ओपन

# स्वियातेक आसान जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में, बालाजी-वरेला की जोड़ी हार के साथ बाहर

**मेलबर्न, एजेंसी।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत के साथ शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया।

पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।

आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था।





मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला शनिवार को यहां नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की पुर्तगाली जोड़ी से दूसरे दौर में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए।

मेलबर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले करीबी मुकाबले में बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट काफी रोमांचक रहा जो 56 मिनट तक चला। इस सेट में कोई भी जोड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाई और मामला टाईब्रेकर में चला गया, जहां बोर्जेस और कैब्राल ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। बालाजी और वरेला की जोड़ी ने दूसरे सेट में दमदार शुरुआत की और फिर और अपनी लय बरकरार रखते हुए इस सेट को अपने नाम करके मैच को बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक सेट में बोर्गेस और कैब्राल ने चौथे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त बना ली। पुर्तगाल की जोड़ी ने नौवें गेम में ब्रेक पॉइंट हासिल करके मैच अपने नाम किया। भारत की निगाहें अब मिश्रित युगल में रोहन बोपन्ना पर टिकी हैं। बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने क्रिस्टीना म्लादेनोविच और इवान डोडिग को 6-4, 6-4 से हराकर मिश्रित युगल के अगले दौर में प्रवेश किया।



# सैफ अली सर मैं शर्मिंदा हूं मुझे माफ कर दीजिए

## हमले के बाद उर्वशी ने क्यों मांगी माफी?

**सैफ** अली खान पर बुधवार देर रात जानलेवा हमला हुआ। तमाम फिल्मी सितारे उनसे मिलने पहुंच रहे हैं। कुछ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एक्टर के साथ हुई घटना पर चिंता जताई। इस बीच उर्वशी रौतेला एक्टर से माफी मांगती दिखी हैं।

सैफ अली खान पर बुधवार देर रात जानलेवा हमला हुआ। एक्टर के मुंबई स्थित घर में एक शख्स ने उन पर चाकू से छह वार किए। एक्टर लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि, अब वे खतरे से बाहर हैं। तमाम फिल्मी सितारे उनसे मिलने पहुंच रहे हैं। कुछ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एक्टर के साथ हुई घटना पर चिंता जताई और उनकी सेहत के लिए दुआ कर रहे हैं। वहीं, अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने इस पूरे घटनाक्रम के एक दिन बाद आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने सैफ अली खान से माफी मांगी है।

### सोशल मीडिया पर लिखा भावुक पोस्ट

उर्वशी रौतेला ने आज शुक्रवार 17 जनवरी को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने सैफ अली खान से माफी मांगते हुए उनके साथ हुई घटना पर अफसोस जताया है। उर्वशी ने लिखा है, प्रिय सैफ अली खान सर, मुझे उम्मीद है कि यह पोस्ट आपको मजबूत बनाएगा। मैं यह पोस्ट बहुत ही दुख और अपराधबोध के साथ लिख रही हूं। अब तक मैं इस बात से अनजान रही कि आपके साथ क्या हुआ है? आपके साथ हुई घटना की गंभीरता से मैं रूबरू नहीं थी।

### शर्मिंदा हूं कि डाकू महाराज की सफलता का जश्न मना रही हूं

उर्वशी ने आगे लिखा है, मैं इस बात पर शर्मिंदा हूं कि मैं अपनी फिल्म डाकू महाराज की सफलता का जश्न मना रही हूं। आप किस हालत में हैं और आप पर क्या बीत रही है, इस बात से बेखबर मैं गिफ्ट ले रही हूं।

मुझे माफ कर दीजिए। आपको नजरअंदाज करने, इतना असवेंदनशील होने के लिए प्लीज मुझे माफ कर दीजिए। मुझे जैसे ही मामले की गंभीरता का पता चला, मैं बहुत दुखी हूं। मैं आपके सपोर्ट में हूं। आपके साहस और सहनशीलता के आगे मैं नतमस्तक हूं। मुझे अपने व्यवहार के लिए खेद है। अगर मैं किसी भी तरह की मदद या सपोर्ट कर सकती हूं तो प्लीज आप बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। अपने व्यवहार के लिए एक बार फिर आपसे माफी मांगती हूं।

### क्या है पूरा मामला?

बता दें कि उर्वशी रौतेला ने इससे पहले मीडिया बातचीत में सैफ अली खान के साथ हुई घटना के जिक्र पर उस बात को नजरअंदाज करते हुए अपनी फिल्म पर बात करना शुरू कर दिया। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान जब उर्वशी से सैफ के साथ हुई घटना के बारे में पूछा गया तो उर्वशी ने दुख जताया और फिर तुरंत ही अपनी फिल्म डाकू महाराज के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का जिक्र करने लगीं। इस बीच उन्होंने अपने माता-पिता से तोहफे में मिली घड़ी और अंगूठी भी दिखाई। इसके बाद सोशल मीडिया पर उर्वशी को जमकर ट्रोल किया गया। अब उर्वशी ने अलग पोस्ट साझा कर सैफ से माफी मांगी है।


# मैंने भी किया रिजेक्शन का सामना

अभिनेता कार्तिक आर्यन बॉलीवुड के बेहतरीन स्टार्स में से एक हैं। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत 'प्यार का पंचनामा' में काम करके की थी। इसके बाद एक्टर ने कई मूवीज में अपना दम दिखाया और लोगों के दिलों में अपनी एक खास जगह बनाई। इन दिनों वह अपनी आने वाली मूवी 'आशिकी 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ऐसे में स्क्रीन के साथ हुए



एक इंटरव्यू में एक्टर ने बताया कि कैसे 'प्यार का पंचनामा' में पहला रोल मिलने से पहले उन्होंने कई रिजेक्शन का सामना किया था।

बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने शेयर किया कि मुझे कॉउंटलेस रिजेक्शन का सामना करना पड़ा है। मैं रोजाना ऑडिशन देता था। बहुत से लोग एक ही सपने के साथ यहां आते हैं कि अभिनेता बनना है, मैं उनमें से एक था। मुझे नहीं पता था कि मेरी क्या संभावनाएं हैं, लेकिन मैं बस इसे आजमाना चाहता था। लगभग चार साल बाद, मुझे अपनी पहली भूमिका मिली। मैं उस अवसर के लिए आभारी हूं।



# सैफ ने इलाज के लिए 35.95 लाख रुपये का किया दावा

**बॉलीवुड** अभिनेता सैफ अली खान इस समय मुंबई के लीलावती अस्पताल में चाकू से हमले के बाद इलाज करवा रहे हैं। यह हमला बुधवार देर रात को हुआ। आपातकालीन सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने साझा किया कि सैफ की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं, लेकिन उन्हें अभी भी निगरानी में रखा गया है।

इस घटना के बाद सैफ अली खान के स्वास्थ्य बीमा की जानकारी सोशल मीडिया पर लीक हो गई। कई लोगों ने इसे गोपनीयता का उल्लंघन माना और लोइस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

सैफ अली खान ने निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस के तहत बीमा लिया हुआ है। लीक हुए दस्तावेज के अनुसार सैफ ने अपने इलाज के लिए 35.95 लाख रुपये का दावा किया है, जिसमें से 25 लाख रुपये पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। इसके अलावा दस्तावेज में उनकी सदस्य आईडी, निदान, कमरे की श्रेणी और अस्पताल से डिस्चार्ज होने की तारीख (21 जनवरी) जैसी संवेदनशील जानकारी भी शामिल है।

## मेरे हसबैंड की बीवी:

# अर्जुन कपूर- भूमि पेडनेकर कर रहे थे गाने की शूटिंग, तभी गिर गई छत





**मुंबई** के रॉयल पाम्स के इम्पीरियल पैलेस में फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी के गाने की शूटिंग के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। फिल्म के सेट पर अचानक छत गिर पड़ी। हादसे के समय अभिनेता अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, जैकी भगनानी और निर्देशक मुदस्सर अजीज सेट पर ही मौजूद थे। इस घटना में किसी भी अभिनेता या क्रू के सदस्य को गंभीर चोटें नहीं आईं।

### किस वजह से हुआ हादसा?

फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एंप्लॉयीज (एफडब्ल्यूआईसीई) के अशोक दुबे ने बातचीत करते हुए कहा कि यह हादसा गाने की शूटिंग के दौरान तेज ध्वनि की वजह से उत्पन्न होने वाले कंपन के कारण हुआ। उन्होंने कहा, गाना रॉयल पाम्स के इम्पीरियल पैलेस में शूट हो रहा था तभी अचानक सेट की छत गिर गई और अर्जुन कपूर, जैकी भगनानी और मुदस्सर अजीज घायल हो गए। चूंकि यहां काफी समय से शूटिंग हो रही थी इसलिए तेज ध्वनि के कारण हो रहे कंपन की वजह से सेट हिलने लगा और यह हादसा हो गया।

### कोरियोग्राफर ने सुनाई आपबीती

इस फिल्म के गाने पर काम कर रहे विजय गांगुली ने फिल्म की शूटिंग स्थलों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, पहले दिन शूटिंग ठीक चली। दूसरे दिन भी सब कुछ सामान्य था लेकिन शाम लगभग 6 बजे एक शॉट के दौरान अचानक छत गिर गई। हम मॉनिटर पर थे और अचानक छत के टुकड़े गिरने लगे। सौभाग्य से यह टुकड़ों में गिरा और हमारे पास बचाव के लिए समय थी। अगर पूरी छत गिर जाती तो यह काफी खतरनाक हो सकता था, लेकिन फिर भी कई लोग घायल हुए हैं। इन पुरानी जगहों का इस्तेमाल अक्सर शूटिंग के लिए किया जाता है। प्रोडक्शन कंपनियां यकीनन सुरक्षा उपायों की जांच करती है। हालांकि, कई बार, शूटिंग वाले स्थान की सुरक्षा को ठीक से सत्यापित नहीं किया जाता है।

### हादसे में कई लोग घायल

विजय ने यह भी जानकारी दी कि इस हादसे में निर्देशक मुदस्सर अजीज घायल हो गए, डीओपी मनु आनंद की अंगूठा फ्रैक्चर हो गया। विजय को खुद कोहनी और सिर में चोटें आईं। उन्होंने कहा कि हमारा कैमरा अटेंडेंट भी घायल हुआ और उसकी रीढ़ की हड्डी में चोट आई है।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पुराने और असुरक्षित स्थानों पर शूटिंग से पहले सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन होना चाहिए।

# टीवी शो धरतीपुत्र नंदिनी फेम अमन जायसवाल की सड़क हादसे में मौत

**मुंबई** के जोगेश्वरी इलाके में शुक्रवार को टीवी एक्टर अमन जायसवाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अमन की उम्र महज 23 साल थी।

अभिनेता अमन जायसवाल ने टीवी शो धरतीपुत्र नंदिनी में मुख्य भूमिका निभाई थी। वह अपनी बाइक से एक ऑडिशन देने के लिए जा रहे थे, तभी एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बाला साहेब ठाकरे ट्रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।



बता दें कि अमन जायसवाल यूपी के बलिया के रहने वाले थे। अमन ने मॉडलिंग से अपने करियर का आगाज किया था। इसके बाद उन्होंने कई टीवी शो में सहायक एक्टर की भूमिका निभाई। हालांकि, साल 2023 में प्रसारित हुए टीवी शो 'धरतीपुत्र नंदिनी' से उन्हें पहचान मिली। फिलहाल मुंबई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एक्टर की दुखद मौत ने उनके फैंस को भी हैरान कर दिया है। टीवी इंडस्ट्रीज से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर दुख जताया है।

## इंतजार हुआ खत्म

# नोरा फतेही और जेसन डेरुलो ने बहुप्रतीक्षित सॉन्ग स्नेक किया रिलीज



**ग्लोबल** सेंसेशन नोरा फतेही और अमेरिकी पॉप मेगास्टार जेसन डेरुलो का वार्नर म्यूजिक के साथ बहुप्रतीक्षित सॉन्ग स्नेक आधिकारिक तौर पर रिलीज़ हो गया है। यह एक जेनर-डिफाइंग मास्टरपिस है, जो आर एंड बी स्पेस में मोरोक्कन और मिडल ईस्ट म्यूजिक एलिमेंट को अत्याधुनिक पॉप प्रोडक्शन के साथ मिलाती है। यह गाना दुनिया भर में प्लेलिस्ट और डांस फ्लोर पर हावी होने की गारंटी देने वाली एक संक्रामक लय प्रदान करता है। वीडियो को अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए नोरा ने कैप्शन दिया, आखिरकार, जेसन डेरुलो के साथ मेरा सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, स्नेक अब रिलीज़ हो गया है! इसे खूब बजाएं और इसे सांप की तरह घुमाएं स्नेक।

इस ट्रैक के साथ, नोरा फतेही ने अपनी गायन क्षमताओं का भी प्रदर्शन किया है, इस मूल साउंडट्रैक को अपनी आवाज दी है और इस अंतर-सांस्कृतिक संगीत सहयोग में अपनी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया है। स्नेक के लिए संगीत वीडियो एक विजुअल शो है, जिसमें हाई-एनर्जी कोरियोग्राफी और शानदार प्रस्तुति है। वीडियो में बैली डांस मुख्य आकर्षण है, जो नोराफतेही की संगीत और नृत्य दोनों में ग्लोबल स्टार के रूप में उनकी स्थिति को उजागर करता है।



# 'फैंटास्टिक फोर' फेम अभिनेत्री जेसिका अल्बा तोड़ रहीं 16 साल लंबी शादी

'फैंटास्टिक फोर' फेम अभिनेत्री और हॉलीवुड स्टार जेसिका अल्बा ने अपने 16 साल की शादी के बाद अपने पति कैश वॉरेन से तलाक की घोषणा की है। 43 वर्षीय एक्ट्रेस, जो 'फैंटास्टिक फोर', 'सिन सिटी', 'इनटू द ब्लू' और 'अवेक' जैसी परियोजनाओं में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बयान में यह खबर साझा की। अल्बा के इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है।

### बदलाव के सफर पर निकलीं अभिनेत्री

अभिनेत्री ने कहा, मैं वर्षों से खुद की खोज और परिवर्तन की यात्रा पर हूं अकेले भी और कैश के साथ भी। मुझे इस बात पर गर्व है कि पिछले 20 वर्षों में हम एक जोड़े के रूप में और अपने विवाह में कैसे आगे बढ़े हैं और अब समय आ गया है कि हम अकेले ही आगे बढ़ें।

### बच्चों को प्राथमिकता पर रखती हैं अल्बा

43 वर्षीय अल्बा और वॉरेन ने 2008 में शादी की थी और दोनों तीन बच्चों, बेटियां ऑनर, 16 और हेवन, 13 के साथ-साथ सात वर्षीय बेटे हेस के माता-पिता हैं। अल्बा ने कहा, हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम, दया और सम्मान के साथ आगे बढ़ रहे हैं और हमेशा एक परिवार की तरह रहेंगे। अल्बा ने कहा, हमारे बच्चे हमारी प्राथमिकता हैं और हम इस समय गोपनीयता बनाए रखने का अनुरोध करते हैं।

# देवा ट्रेलर: रोमांचकारी सफर पर ले जाने की तैयारी में शाहिद कपूर

**रोमांटिक** कॉमेडी फ़िल्म तेरी बातों में उलझा जिया के बाद शाहिद कपूर बिल्कुल अलग अवतार में बड़े पर्दे पर वापस आ गए हैं। उनकी अगली फ़िल्म देवा 31 जनवरी, 2025 को रिलीज़ हो रही है और इसका ट्रेलर



शुक्रवार को इसके निर्माताओं द्वारा जारी किया गया। दो मिनट और 18 सेकंड के ट्रेलर में शाहिद एक निडर पुलिस वाले के अवतार में नज़र आ रहे हैं, जो अपने साथी पुलिसकर्मी की मौत का बदला लेने के मिशन पर निकला है। फ़िल्म में पूजा हेगड़े भी एक पत्रकार की भूमिका में हैं। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित यह फ़िल्म 31 जनवरी, 2025 को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होगी।

निर्माताओं ने आगामी फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर इसके मुख्य स्टार कलाकारों शाहिद और पूजा के साथ साझा किया। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 3....2....1...बूम! स्वदेवाट्रेलर अब आउट! 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसके अलावा, शाहिद शुक्रवार को मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट में मौजूद थे, जहां उन्होंने सैफ अली खान के बारे में भी बात की, जिन पर इस सप्ताह की शुरुआत में हमला हुआ था। हमें उम्मीद है कि सैफ की सेहत बेहतर है। हमें उम्मीद है कि वह बेहतर महसूस कर रहे होंगे। उनके साथ निजी जीवन में जो कुछ हुआ, उससे हम सभी स्तब्ध हैं। मुंबई जैसे शहर में (इस तरह की घटना को) स्वीकार करना मुश्किल है। मुझे यकीन है कि पुलिस अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रही होगी। खान और कपूर ने विशाल भारद्वाज की 2017 की पीरियड फिल्म रंगून में स्क्रीन स्पेस साझा किया था, जिसमें कंगना रनौत भी थीं।

इवेंट में, एक रिपोर्टर ने कपूर से पूछा था कि अगर वह असल जिंदगी में पुलिस अधिकारी होते तो मशहूर हस्तियों पर हमलों के मामलों से कैसे निपटते। अभिनेता देवा में एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई सफर की शुरुआत करने वाली है।